इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -255 | राजनांदगांव, गुरूवार 01 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## बेरोजगारी घटी, महंगाई नियंत्रित, किसी के साथ भेदभाव नहीं : सीतारमण

नयी दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में कहा है कि मोदी सरकार के पिछले दस वर्ष के कार्यकाल में बेरोजगारी घटी है और महंगाई नियंत्रित रही है तथा केंद्रीय बजट 2024-25 में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है।




श्रीमती सीतारमण ने सदन में केंद्रीय बजट पर लगभग 20 घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार का बजट युवाओं, महिलाओं , किसानों और वंचितों के कल्याण पर केंद्रित है। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के कार्यकाल की तुलना मोदी सरकार की कार्यकाल से करते हुए कहा कि महंगाई की औसत दर छह प्रतिशत से कम रही है। सरकार ने बजट में आम जनता को और राहत देने के लिए दालों, खाद्य तेलों के आयात शुल्क को पांच प्रतिशत तक करने का प्रावधान किया गया है। बजट में मोबाइल फोन और इलेक्ट्रोनिक्स वस्तुओं पर आयात शुल्क कम किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के सतत् प्रयासों से बेरोजगारी की दर घट कर 3 2 प्रतिशत आ गयी है। सरकार युवाओं के कौशल विकास के लिए बढाने के साथ विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। उच्च शिक्षा के लिए ऋण का दायरा बढाया गया है और आवंटन में वृद्धि की गयी है। विनिर्माण उद्योग को प्रोत्साहन दिया गया है और निवेश के अनुकूल परिवेश बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि, शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में आवंटन बढाया है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और आम जनता का जीवन सहज होगा। सरकार की नीति युवाओं को सक्षम बनाने की है। श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बजट में वित्तीय सुधारों पर जोर दिया गया है। राजकोषीय घाटा को अगले वित्त वर्ष में 4 5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। चालू वित्त वर्ष में यह 4.9 प्रतिशत रह सकत है। अर्थव्यवस्था का स्तर कोविड काल से पूर्व की स्थिति पर आ गया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। सरकार जम्मू कश्मीर में एक देश, एक निशान एक संविधान के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य के लोगों को देश के अन्य भागों के समान ही केंद्र की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, केरल और हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी राज्यों को 15 वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार उधारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों को 1996 तक का बकाया चुकाया गया है। केंद्रीय बजट में सभी राज्यों को प्रावधानों के अनुसार आवंटन किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तख्तियां लहराईं, पर्चे फाड़े और हंगामा किया.. संसद में जाति पर घमासान; सरकार बोली- दिनभर जाति-जाति रटते हैं

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जाति पूछने के मुद्दे पर बुधवार को लोकसभा में जोरदार हंगामा हुआ। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों ने आसन के सामने आकर नारेबाजी की। तख्तियां लहराईं और पर्चे फाड़े, जिसके बाद स्पीकर ओम बिरला को लगभग आधा घंटा के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी पर अनुराग ठाकुर के दिए गए बयान का मजबूती से बचाव किया। विपक्ष के हंगामे के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस पर अराजकता भड़काने का आरोप लगाया।



### विपक्ष ने किया हंगामा, सदन में लहराए पोस्टर

लोकसभा की कार्यवाही सुबह में जैसे ही शुरू हुई, वैसे ही विपक्षी सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विपक्ष के हंगामे और भारी शोर-गुल के बावजूद स्पीकर ने प्रश्नकाल की कार्यवाही जारी रखी। इस दौरान राहुल गांधी सदन में नहीं थे। कांग्रेस सदस्य गौरव गोगोई समेत विपक्ष के कई सदस्यों के हाथों में 'वी वांट कास्ट सेंसस' के पोस्टर देखे गए, जिसे स्पीकर के टोकने के बावजूद सदन के बीच लहराया जा रहा था।

ओम बिरला ने कहा, 'पहले ही तय हो चुका है कि कोई सदस्य तख्ती लेकर सदन में नहीं आएगा। फिर भी पोस्टर दिखाए जा रहे हैं। स्पीकर के मना करने के बावजूद हंगामा कम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है।' नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी खुद दिनभर जाति-जाति रटते रहते हैं, लेकिन किसी ने उनसे जाति पूछ ली तो हंगामा किया जा रहा है।

रिजिजू ने कांग्रेस पर सेना का मनोबल गिराने का आरोप लगाया और कहा कि देश में हिंसा और अराजकता भड़काने का प्रयास कर रही है। एक दिन पहले लोकसभा में भाजपा सदस्य अनुराग ठाकुर ने राहुल का नाम लिए बगैर कहा था कि जिनकी जाति का पता नहीं वे जाति गणना की बात करते हैं। अनुराग के इस बयान पर विपक्ष भड़क गया था।

## विपक्ष सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित



नयी दिल्ली। केरल की बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बुधवार को चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के तेजस्वी सूर्या के वायनाड त्रासदी को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की टिप्पणी पर सदन में हंगामा हुआ और कार्यवाही कुछ समय के लिये स्थगित करनी पड़ी।

कांग्रेस और अन्य सदस्यों की टोकाटोकी के शोर के बीच श्री सूर्या ने कहा कि केरल के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रिपोर्ट में उस इलाके में चार हजार परिवारों पर भूस्खलन के खतरे की रिपोर्ट दी थी। केरल के तत्कालीन वन मंत्री ने विधानसभा में स्वीकार किया था कि उस इलाके में अतिक्रमण हुआ है लेकिन अतिक्रमण हटाने के खिलाफ कुछ धार्मिक संगठनों का दबाव है। श्री सूर्या ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उस रिपोर्ट के बाद वहां की स्थिति के बारे में कभी भी कोई मुद्दा नहीं उठाया था। उनकी इस टिप्पणी पर कांग्रेस के सदस्यों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने उनकी बातों का विरोध किया। उनके साथ कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने भी हंगामा किया और सदन के बीचोबीच आ गये।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोरशराबा कर रहे सदस्यों से व्यवस्था बनाये रखने और अपनी-अपनी सीट पर जाने का बार-बार आग्रह किया। हंगामा बढ़ता देख श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न चार बजे तक स्थगित कर दी।

## वायनाड में भूस्खलन के बाद सेना-एनडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी, अब तक 249 की मौत; केरल में आज भारी बारिश का अलर्ट

वायनाड। केरल में हुई भीषण लैंडस्टाइड में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रहा है। मंगलवार से अब तक 249 लोगों के शव मलबे से निकाले जा चुके हैं। सेना की 26 टुकड़ी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। इंडियन आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और एनडीआरएफ के जवानों ने 1000 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है। 240 लोग लापता हैं, इनमें से 2 टूरिस्ट शामिल हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को वायनाड समेत केरल के कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



जानकारी के मुताबिक, वायनाड में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात भारी बारिश के बाद रातभर में तीन बार भूस्खलन हुआ था। 4 अलग-अलग जगहों पर हुए लैंडस्लाइड में सैकड़ों लोग सैलाब में बह गए। कई घर मलबे में दफन हो गए। अभी 240 लोग लापता हैं। सेना और वायुसेना ने राहत और बचाव कार्य के लिए कमर कस ली है। सोमवार रात करीब 2 बजे भूस्खलन हुआ, फिर तड़के चार बजे दोबारा भूस्खलन हुआ। सीएम पिनरई विजयन राहत और बचाव कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। लैंडस्लाइड की घटना का जायजा लेने वायनाड जा रहीं केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे सड़क हादसे में घायल हो गईं। उन्हें मलप्पुरम स्थित मंजेरी के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना एक स्कूटर सवार को बचाने के चलते हुई।

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने बुधवार को राहत और बचाव कार्य की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। राजस्व विभाग की ओर से 158 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी गई। प्रभावित क्षेत्रों में मुण्डक्कई, चूरलमला, अट्टमला और नूलपुझा शामिल हैं। पुल और सड़कें बह गई हैं और कई क्षेत्र दुर्गम हो गए। जिला प्रशासन ने मुण्डक्कई से लोगों को एयरलिफ्ट करने की योजना बनाई है। कई इलाकों में बारिश के कारण सड़क संपर्क संपर्क टूट चुका है। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य विभाग ने एक कंट्रोल रूम शुरू किया है। आपातकालीन सहायता के लिए 9656938689 और 8086010833 पर संपर्क किया जा सकता है। भूस्खलन में घायल हुए 16 लोगों को वायनाड के मेप्पडी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर रेस्क्यू में जुटे

तमिलनाडु के सुलूर से दो Mi-17 और एक एयर फोर्स हेलिकॉप्टर लैंडस्लाइड वाली जगह पर भेजे गए। रास्तों क्लियर रखने की अपील की गई ताकि बचाव सामग्री को मुण्डाकाई तक पहुंचाई जा सके। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूजा खेडकर को यूपीएससी ने दिया बड़ा झटका, आईएएस की नौकरी की रद्द

नई दिल्ली। विवादों में फंसी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को बड़ा झटका लगा है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पूजा खेडकर की अस्थाई उम्मीदवारी को रद्द कर दिया है। इसके अलावा खेडकर पर भविष्य में होने वाली किसी भी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगाई गई है।



भविष्य में नहीं दे पाएंगी कोई भी एग्जाम

### यूपीएससी ने पहले ही दे दिए थे कार्रवाई के संकेत

आपको बता दें कि यूपीएससी ने इस बात के संकेत पहले ही दे दिए थे। यूपीएससी का कहना था कि अगर पूजा खेडकर पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। यूपीएससी ने भी पूजा खेडकर को इस बारे में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस में पूछा गया था कि क्यों न पूजा खेडकर की सिविल सेवा परीक्षा-2022 की उम्मीदवारी को रद्द किया जाए। यूपीएससी ने दिल्ली पुलिस को शिकायत दी थी कि पूजा खेडकर ने अपना नाम, अपने माता-पिता का नाम, अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर फर्जी पहचान पहचान पत्र बनवाए। शिकायत में कहा गया है कि खेडकर ने धोखाधड़ी से परीक्षा दी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने खेडकर के खिलाफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के व्यवहार पर उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश किया। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पीएम मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश किया है. दरअसल, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति को लेकर टिप्पणी की थी. पीएम मोदी ने लोकसभा में अनुराग ठाकुर की उस टिप्पणी को अपने सोशल मिडिया पर शेयर किया था. इसी को लेकर कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पीएम मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश किया है.



कांग्रेस ने पहले अनुराग ठाकुर के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश करने पर विचार किया था, क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी पर उनकी जाति को लेकर टिप्पणी की थी, जिसे अब हटा दिया गया है। हालांकि ठाकुर की टिप्पणियों को निचले सदन के रिकॉर्ड से हटा दिया गया था, प्रधानमंत्री ने एक्स पर इसका समर्थन किया, भाषण का एक अंश साझा करते हुए इसे तथ्यों और हास्य का सही मिश्रण बताया, जो इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है।

पीएम मोदी द्वारा ठाकुर के बयान को अपने सोशल मीडिया पर साझा करने को लेकर जयराम रमेश ने नाराजगी जताई. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि मोदी ने संसदीय विशेषाधिकार के गंभीर हनन को बढ़ावा दिया है। अब इसी को लेकर पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने विशेषाधिकार हनन नोटिस पेश किया है.

## बीएड डिग्री धारकों को बड़ा झटका : सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू याचिका खारिज की, सहायक शिक्षक के पद के लिए किया अयोग्य घोषित

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में प्रायमरी में पढ़ाने के लिए बीएड धारकों के दावे को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जहां 11 अगस्त 2023 को जहां बीएड डिग्रीधारी देवेश शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ रिव्यू याचिका दायर की थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 में अपने दिए गए फैसले को सही ठहराया है। जिसमें सहायक शिक्षक के पद पर बीएड को अयोग्य और असंवैधानिक घोषित किया गया था और डीएलएफ डिप्लोमा को ही योग्य घोषित किया गया था।



### बीएड डिग्री धारियों ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी रिव्यू याचिका

उल्लेखनीय है कि, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को बदलने बीएड डिग्री धारियों ने सुप्रीम कोर्ट मे रिव्यू याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब बीएड डिग्रीधारियों के सहायक शिक्षक पद मे शामिल होने के सारे रास्ते बंद हो गया है।

### छग. की शिक्षक भर्ती में चल रहा है विवाद

छत्तीसगढ़ मे भी शिक्षक भर्ती 2023 में यह विवाद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले मे यह साफ तौर पर कहा है कि, 11 अगस्त के फैसले के बाद बीएड धारकों को अपॉइंटमेंट नहीं दिया जा सकता है। जबकि छत्तीसगढ़ देश मे केवल इकलौता राज्य है, जहां बीएड डिग्रीधासरकों को सहायक शिक्षक के पद पर की गई नियुक्ति 11 अगस्त के बाद दी गई है। सहायक शिक्षक पद के लिए विभाग द्वारा पहला नियुक्ति पत्र 20 सितंबर 2023 के बाद दिया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- जुलाई 2024

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4 /- | 124 /- |
| | योग | 124 /- |

व्यवस्थापक




## रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद की ली शपथ

रायपुर (दावा)। रमेन डेका ने आज राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री डेका ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित रहीं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राज्यपाल श्री डेका को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ और समापन सेरेमोनियल पुलिस बैंड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्य गीत की धुन भी बजाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत राज्यपाल रमेन डेका को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नए राज्यपाल को दी बधाई

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, वन एवं जलवायु परिवर्तन केदार कश्यप, वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य विधायकगण उपस्थित थे। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त एन.के. शुक्ला, आलोक चंद्रवशी, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, नारायण चंदेल, गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायकगण सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल व्ही.पी.वर्मा, राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रताप पाण्डेय सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल के परिजन, विश्वविद्यालयों के कुलपति, मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### राज्यपाल रमेन डेका का जीवन परिचय इस प्रकार है

छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल रमेन डेका का जन्म 1 मार्च 1954 को असम के सुआलकुची, कामरूप (असम) में हुआ। उनके पिता का नाम स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ डेका और माता का नाम स्वर्गीय श्रीमती चंपाबती डेका है। उनके परिवार में धर्म पत्नी श्रीमती रानी डेका काकोटी एवं दो बच्चे हैं। उन्होंने बीए की डिग्री दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र विषय में प्राग्ज्योतिष कॉलेज, गुवाहाटी विश्वविद्यालय असम से प्राप्त की। रमेन डेका एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं। वे सन् 1977 से राजनीति में सक्रिय हैं। वे वर्ष 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्य थे। रमेन डेका वर्ष 2006 में असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। श्री डेका 2021 अगस्त माह से असम राज्य के नवाचार एवं रूपान्तरण आयोग के (कैबिनेट मंत्री का दर्जा) के उपाध्यक्ष पद पर 29 जुलाई तक रहे है। वे दो बार सांसद रहे। पहली बार वर्ष 2009 में 15वी लोकसभा के लिए असम के मंगलदोई सीट से सांसद चुने गये थे। इस दौरान वे गृह मामलों की स्थायी समिति के सदस्य, लोक लेखा के सदस्य, भारत भूटान संसदीय मैत्री समूह सदस्य, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दो दिनों बाद जमकर हुई बारिश, खस्ता हाल हुई सड़कें

**लगातार बारिश से लहलहाने लगे धान के पौधे, बोनी कार्य हुआ पूर्ण, लोक पर्व हरेली मनाने की तैयारी में जुटे किसान**

राजनांदगांव (दावा)। बुधवार दोपहर को शहर सहित जिले भर में अच्छी बारिश हुई। वैसे भी पिछले सप्ताह भर से हो रही अच्छी बारिश से धान के पौधे लहलहाने लगे हैं। इधर बोनी कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। इससे किसानों में खुशी देखी जा रही है, और वे छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली मनाने की तैयारी में लग गए हैं।

बताते चलें कि जिले में लगातार हो रही बारिश की स्थिति के बीच पिछले दो दिनों तक बारिश थमा रहा। बुधवार की सुबह भी मौसम साफ रहा। लोग इससे अपने- अपने काम पर निकले हुए थे लेकिन जैसे ही दिन में बारह का कांटा आगे बढ़ा, काली-काली घटाएं छाने लगी और कुछ देर बाद गरज- चमक के साथ जमकर बारिश हुई। इससे लोगों को सिर छुपाने की नौबत आ गई। इधर इस बारिश से शिवनाथ नदी का कम हो रहे जलस्तर में और भी इजाफा हो गया। एक तो वैसे ही मोहारा जल संयंत्र के इंटकवेल में कचरा फंसने से शहरवासियों को ठीक तरह जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ने से वही परेशानी फिर से पैदा हो सकती हैं।

### सड़कें हुई खस्ताहाल

इधर लगातार बारिश होने से शहर की सड़कों से लेकर आसपास के गांव-देहातों की सड़के खस्ताहाल हो गई है जिस पर आवागमन करना दिक्कतों भरा हो गया है। बता दें कि कुछ माह पहले शहर के 22 सड़कों का डामरीकरण कराया गया था लेकिन बारिश में इन सड़कों की परतें उधड़ने लग गई। सैकड़ों गड्ढों से भरे इन गड्ड-मड्ड सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिससे लोगों की जान जाने की नौबत आ रही हैं। मंगलवार की सुबह एक बाईक सवार हादसे का शिकार हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नेशनल हाईवे में गौशाला पिंजरापोल के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठी गायों को कुचल दिया। इस सबकी वजह बारिश में सड़कों की परतें उधड़ जाना है। वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के फेर में एक्सीडेंट जैसे घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### मोहारा रोड की जर्जर सड़क

बारिश होने के बाद मोहारा रोड की गड्ढों से भरी सड़क जर्जर हो गई है। जिससे गुजरकर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बता दें कि मोहारा रोड से शिवनाथ नदी तक रोड की हालत इतनी खराब है कि इस रोड से लोगों को हिचकोले खाते हुए गुजरना पड़ता है। सिंगदई चौक से आगे शिवनाथ नदी के पुल में उभर आए दर्जनों गहरे गड्ढों से लोहे का नुकीला सरिया झांकने लगा है। यहां तक कि पुल के पुराने हिस्से की ओर दरारें उभर आई है। इसके बाद भी कोई संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

बता दें कि मोहारा वाले इस रोड से रोजाना शहर में काम पर आने वाले सैकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है। सड़क में उभर आए गड्ढों से आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाएं हो रही है इसे रोकने के लिए इन गहरे गड्ढों में मटेरियल डाल कर इसे पाटने की मांग की गई है। इसके बाद भी नगर निगम से लेकर संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। इससे लोगों कि आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

### सड़कों की दयनीय दशा

बता दें कि बारिश होने से न केवल मोहारा रोड की सड़के खराब हुई है। शहर के यातायात नगर की सड़क की हालत भी काफी खराब हो चुकी है। बता दें कि पेंड्री में लगभग डेढ़ दशक पहले बसाया गया यातायात नगर की सड़के सबसे ज्यादा है। देखरेख के अभाव में सड़कें खस्ताहाल है।

नालियां टूटने से बारिश का पानी यातायात नगर परिसर में भर जा रहा है इससे सड़कें और भी खस्ताहाल हो गई है। इसी तरह सुरगी से आरला- मोखला मार्ग भी बारिश के दिनों में चलने लायक नहीं रह गया है। इस रोड में बारिश का पानी निकलने खोदाई कर दिए जाने से पूरा सड़क कीचड़मय हो गया गया है इससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। इसी तरह सुरगी -अर्जुन्दा मार्ग की दयनीय दशा किसी से छिपी नहीं है। बारिश के पहले शुरू हुआ सड़क निर्माण का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है इससे बारिश के दिनों में इस पर चलना मुश्किल हो गया है। रोज इस रोड में दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन न तो कोई इस ओर देखने वाला है और न कोई झांकने वाला है। लोग इन जर्जर और सैकड़ों गड्ढों से भरे रोड मे भगवान भरोसे आवागमन कर रहे हैं।

# जिला जेल में शतरंज प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता संपन्न



**विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की पहल और जिला शतरंज संघ व जिला जेल के सहयोग से नवा बिहान मिशन के तहत जिला जेल राजनांदगांव में 22 से 31 जुलाई 2024 तक 10 दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल आज जिला जेल राजनांदगांव में नवा बिहान मिशन के तहत आयोजित 10 दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। प्रतियोगिता में विजेता शेख जश्मुद्दीन, उप विजेता संजू पटेल तथा तीसरा स्थान रोशन सिन्हा ने प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ में पहली बार जेल बंदियों के लिए आयोजित शतरंज प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता में 46 प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर एवं शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर एवं प्रशिक्षकों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत, महासचिव छत्तीसगढ़ शतरंज संघ विनोद राठी, अध्यक्ष जिला शतरंज संघ ललित भंसाली, मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश शर्मा सहित शतरंज प्रशिक्षक, पूर्व शतरंज खिलाड़ी और जिला जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। आयोजन को सफलतापूर्वक संचालन में रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, पीएल गेड़ाम, मिर्जा मतीन बेग, प्रशांत गुप्ता, ऋषभ नाहटा का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन जिला जेल शिक्षक टीपी चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

## पहला कॉलम...

# उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में स्थानीय कांग्रेस भवन में उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली द्वारा उत्तर ब्लॉक संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली को जल्द वार्ड में कमेटी बनाने के लिए निर्देशित किया व ब्लाक के हर वार्ड में जल्द से जल्द बैठक लेकर जनसमस्याओं के लिए रणनीति तैयार कर जनहित के लिए आंदोलन करने रूप रेखा तैय्यार किया जाएगा, जिसमें उत्तर ब्लाक के सभी पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों व बूथ पदाधिकारी की उपस्थिति हुए। आगामी नगरीय निकाय चुनाव हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान राजू खान, पार्षद अजय छेदय्या, पार्षद प्रतिनिधि इशाक खान, हनीफ खान, राजेश सेवता, हितेश गोन्नाडे, शकूर चौहान, जितेंद्र कौशिक, राहुल देवांगन, शैलेश थावरे, मो. रफीक, शेख अनि, संदीप सोनी, अंसार खान, संगीता साहू, नरेंद्र सिन्हा, विशाल गड़े, प्रिंस मेश्राम, जितेंद्र सिन्हा, गोपी रजक, देवेन्द्र कलिहारी, राहुल गजभिए, सैय्यद रेहान, रवि मेश्राम, थान सिंह साहू, देवेन्द्र देवांगन, अभिषेक, पवन राजपूत, लक्ष सिंह, दुष्यंत निर्मलकर, सागर सिन्हा सहित उत्तर ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकरी उपस्थित थे।

## कल जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल जीवन मिशन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 2 अगस्त 2024 को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है।

## प्रेमचंद जयंती पर डॉ. राय का जमशेदपुर में व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय जमशेदपुर के करीम सिटी कालेज में आयोजित प्रेमचंद जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देने जा रहे हैं। उक्त व्याख्यान जमशेदपुर में 2 अगस्त शुक्रवार को आयोजित है।

कार्यक्रम के बारे में डॉ. राय ने बताया कि करीम सिटी कालेज, जमशेदपुर, झारखंड में प्रेमचंद जयंती पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस क्रम में 'प्रेमचंद और आज' विषय पर उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में डॉ. शंकर मुनि राय प्रेमचंद के कथा साहित्य पर बोलते हुए प्रेमचंद की रचनाओं की प्रासंगिकता का उल्लेख करेंगे।

# सुरगी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपहृता को लखनऊ ( यूपी ) से किया बरामद



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरगी चौकी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपहृता को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से बरामद की है। आरोपी का नाम सरवन कुमार गौतम पिता खगेसुर गौतम उम्र 22 वर्ष निवासी रामपुर देवरई (हाजीपुर) थाना बख्शी का तालाब लखनउ (उत्तरप्रदेश) बताया जाता है।

सुरगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा दिनांक 20 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि पीड़िता नाबालिक बालिका को अपने संरक्षण से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाया गया है। उक्त आशंका के तहत चौकी सुरगी थाना बसंतपुर मे गुम इंसान कं. 40/24 तथा अपराध कं. 334/24 धारा 137(2) बी.एन.एस.2023 दिनांक 20.07.2024 कायम कर जाँच कर पता तलाश में लिया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी सुरगी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर पीडिता एंव संदेही का मो. टावर लोकेशन प्राप्त कर वर्तमान लोकेशन लखनऊ उत्तर प्रदेश का होने से टीम के साथ रवाना किया गया तथा रामपुर देवरई (हाजीपुर) संदेही के घर पहुँचकर अपहृता को संदेही से एवं उसके घर से बरामद किया गया। इसके पश्चात बरामदगी पंचनामा तैयार कर पीड़िता एवं संदेही को साथ लेकर वापस लाया गया। पीडिता के कथन पर धारा 180 बी.एन.एस.एस. के तहत महिला पुलिस अधिकारी से कराया गया। कथन अवलोकन पर आरोपी के द्वारा पीडिता को बहला फुसलाकर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार संभोग करना बताये जाने पर प्रकरण मे धारा 87,65(1) बी.एन.एस. 2023,4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई।

आरोपी से पुलिस द्वारा पुछताछ करने पर अपराध धारा सदर का जुर्म करना स्वीकार करने से 30 जुलाई मंगलवार को विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार 31 जुलाई को विशेष न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन तथा पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी विरेन्द्र मनहर के कुशल मार्गदर्शन में उपनिरी. व्ही.एल. साहू, सउनि. हरीश टेम्भूरकर आर. डोमेन्द्र देशमुख सायबर सेल के आर. मनीष वर्मा एंव पुलिस चौकी सुरगी तथा सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला क्रिकेट एसो. ने चयन प्रक्रिया हेतु आयु वर्ग एवं तिथि की घोषणा

**अंडर -14 ट्रॉयल 4 अगस्त को**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न आयु वर्गो हेतु जिला क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया की तारीख की घोषणा की गई है। जिसके अनुसार जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिले की टीम (अंडर-14) के गठन हेतु आगामी 4 अगस्त दिन रविवार को चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है।

अंडर -14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 अर्थात जिन खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2010 व 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ है वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा किया जावेगा। उक्त चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाईन पंजीयन होना अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नहीं हुआ है। वे आवश्यक दस्तावेज (पिछले 6 वर्षो की अंक सूची, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र, सभी की मूलप्रति व एक पासपोर्ट साइज फोटो) के साथ शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि राजनांदगांव जिला में निवासरत् विभिन्न आयु वर्गो के क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन प्रांरभ है। यदि कोई खिलाड़ी वर्तमान में किसी कारणवश पंजीयन कराने में असमर्थ है तो वह खिलाड़ी ट्रॉयल दिनांक को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकता है। खिलाड़ियों को स्वयं के क्रिकेट किट व क्रिकेट की सफेद ड्रेस के साथ आना होगा। ट्रॉयल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मोबाईल नं. 9399645345 पर ली जा सकती है, ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मिडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# आबकारी विभाग ने 20 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम कुंभकारापारा बागनदी स्थल पर समयलाल कुंभकार के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री कुल 20 बल्क लीटर जप्त किया गया।

आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्जवल कुमार सूत्रधर, हमराह स्टॉफ जर्नादन प्रसाद पाण्डेय, नागेश निषाद, भोजराज बंजारे एवं अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# संगठन की मजबूती के लिए सदैव प्रयासरत रहे उदय मुदलियारः पाटिला



**० कांग्रेस के प्रति समर्पित नेता थे उदय भैया: कुलबीर**
**० शहर जिला कांग्रेस ने शहीद स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर उनके विचारों को किया याद**

राजनांदगांव (दावा)। शहीद स्व.उदय मुदलियार की जयंती पर 31 जुलाई बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया। सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहीद स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन हम सभी के प्रियनेता शहीद स्व.मुदलियार की जयंती पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने शहीद स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि स्व.उदय जी छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत करते हुए लगातार संगठन के प्रति समर्पित रहे। संगठन ने जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब किसानों के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने अपने साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि छात्रजीवन से राजनीति शुरू करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष फिर शहर अध्यक्ष उसके बाद अविभावित मध्यप्रदेश के विधायक बनकर सबके चहते हुए। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी।

संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेस के बस्तर प्रभारी एवं विधायक शहीद स्व. मुदलियार को नमन करते हुए कहा कि सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे उदय भैया, वे युवाओं के प्रेरणास्तोत्र तथा कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। स्व.मुदलियार की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। श्री छाबड़ा ने 25 मई 2013 के झीरम घाटी की घटना को याद करते हुए कहा कि यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन रहा है ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे। जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा को महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, रमेश राठौर, रूपेश दुबे, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद बागड़ी ने संबोधित किया।

संगोष्ठी सभा पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, जितेन्द्र मुदलियार, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, पंकज बाधव, जयनारायण सिंह, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, अजय मारकंडे, सुरेन्द्र देवांगन, सिद्धार्थ डोंगरे, अशोक पंजवानी, महेन्द्र बहादुर, ज्ञानचंद बाफना, अर्जुन सोनकर, जितेन्द्र सिन्हा, कमलदास, नासिर भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th July to 01st Aug 2024
silver SCREEN




Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Raayan (Hindi) - 06:00 & 09:00 pm
Bad Newz - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# पालक-शिक्षक मेगा बैठक 6 अगस्त को

**जिले के 149 संकुलों में संकुल प्राचार्यों की अध्यक्षता में संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक मेगा बैठक का होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में आगामी 6 अगस्त को पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के 149 संकुलों में संकुल प्राचार्यों की अध्यक्षता में संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के आयोजन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर के 149 अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालयों के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाना है। बैठक में प्रत्येक विद्यालय के 50 प्रतिशत शिक्षकों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के 1 शिक्षक को नोडल बनाया गया है, जो अपने विद्यालय की शाला विकास समिति, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति चिन्हांकित सदस्यों को नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित कराएंगे। साथ ही उन पालकों को भी इस बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा, जिनके बच्चे शाला त्यागी या लंबे समय तक स्कूलों से अनुपस्थित रहते हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों के पालकों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जिनके बच्चों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। उनके अनुभव को बैठक में साझा किया जाएगा तथा ऐसे पालक जो निःशुल्क अध्यापन सेवा देना चाहते है, उस पर भी बैठक में चर्चा की जाएगी तथा पालकों से उनके बच्चों को लेकर अध्ययन-अध्यापन में जो समस्याएं रही हों, उन पर भी चर्चा कर समाधान कारक सुझाव दिया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षाविद्, काउंसलर, डॉक्टर से भी बैठक में पालकों से चर्चा की जाएगी। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की द्वारा संचालित निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की जाएगी।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-6
129-2 115-7
राजधानी
2-8-0
230-5 990-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वास्तविक नाम प्रार्थना सेजपाल (PRARTHANA SEJ-PAL) पिता प्रदीप सेजपाल ( D/O. PRADEEP SEJPAL) है, जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। केवल मेरे पासपोर्ट में अंग्रेजी टंकण में भूलवश मेरा नाम (PRARTHNA SEJPAL) दर्ज हो गया है, जिसे विलोपित कर मेरा सही नाम प्रार्थना सेजपाल (PRARTHANA SEJ-PAL) पिता प्रदीप सेजपाल ( PRADEEP SEJPAL) दर्ज कर इसी नाम से मुझे जाना, पहचाना, पुकारा एवं भविष्य में मेरे समस्त शासकीय / अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें.

शपथकर्ता
प्रार्थना सेजपाल
(PRARTHANA SEJPAL)
पिता-प्रदीप सेजपाल
वार्ड नं. 30. कैलाश नगर
जलाराम मंदिर के पास,
राजनांदगांव (छ.ग.)Pin 491441

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202407093700036
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृज किशोर नशीने आ. चैतराम नशीने, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 46 सी, भूखण्ड क्रमांक 106/2, क्षेत्रफल 90.24 वर्गमीटर जो धारक नीलम मेश्राम घ.प. झुमुकलाल मेश्राम, निवासी-पुराना ढाबा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है. पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 14.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

# छत्तीसगढ़ राज्य में रेलवे के विकास हेतु केंद्र सरकार प्रतिबद्ध- संतोष पाण्डेय




**राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा के जारी बजट सत्र के दौरान राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पाण्डेय ने रेल के क्षेत्र में विकास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त 6922 करोड़ के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।**

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि साल 2009 में छत्तीसगढ़ राज्य को दक्षिण पूर्व मध्य रेल के माध्यम केन्द्रीय बजट में मात्र 311 करोड़ की राशि प्राप्त हुई जबकि साल 2024 में 6922 करोड़ प्राप्त हुए है, बजट में 22 गुना वृदि कर रेल के क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करने में केंद्र की मोदी सरकार हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के 32 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना में शामिल कर नवीनीकरण व उन्नयन का कार्य जारी है, साथ ही 37018 करोड़ की लागत से 25 नयी रेल परियोजनाओं पर कार्य जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य में 141 ओवर ब्रिज व अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है जिसमें से 14 राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से है।

**○ बजट में 6922 करोड़ मिलने पर रेल मंत्री का जताया आभार**
**○ डोंगरगढ़-कटघोरा नयी रेल लाइन को गति प्रदान करने की बात भी रखी**

डोंगरगढ़ से कटघोरा नवीन रेल लाइन को गति प्रदान करने के विषय को सदन में रखते हुए सांसद ने बताया कि इस नवीन रेल लाइन का जल्द निर्माण कार्य चालू होने आवश्यक है जिससे मुंबई हावड़ा मेन लाइन पर रेल ट्रैफिक का दबाव थोडा कम होगा, मालगाड़ियों का परिवहन नवीन रेल लाइन से करने पर वर्तमान में ट्रेनों के समय से चलाये जाने में सहयोग प्राप्त होगा। नवीन रेल लाइन के निर्माण में डबल इंजन की सरकार का प्रभाव भी देखने मिला है जिसमे रेल मंत्रालय ने 500 करोड़ और छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने 300 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। सांसद पाण्डेय ने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ स्टेशन में पूरी-गाँधीधाम, पूरी-अजमेर, भगत की कोठी, डोंगरगढ़-रायपुर लोकल मेमू सहित अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग भी सदन के माध्यम से रखी है।

सांसद श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार रेल के साथ ही साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की ओर सदैव अग्रसर है। सौर उर्जा से लेकर रेल, एवं नवीन सड़कों से लेकर औद्योगिक विकास तक सभी क्षेत्रो में डबल इंजन की सरकार का जादू दिखेगा।

# पुलिस ने की जुंए फड़ पर रेड कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे 7330 रु. जप्त





राजनांदगांव (दावा)। बागनदी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में जुआं खेल रहे जुंआड़ियों पर रेड कार्रवाई कर उनसे 7 हजार 303 रुपए जब्त की। आरोपियों के नाम जितेंद्र पंचभाये पिता दिनेश कुमार उम्र 30 साल निवासी घोरतलाव थाना बागनदी, कैलाश कोरे पिता दयाराम कोरे उम्र 29 साल निवासी सिरपुर थाना देवरी महाराष्ट्र, नितेश कुमरे पिता कृष्ण कुमार कुमरे उम्र 36 साल निवासी कंडराटोला थाना बागनदी बताया जाता है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ सट्टा, नशीले पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत बुधवार 31 जुलाई को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम चाबुकनाला डैम के पास आम जगह में कुछ जूआडीयान 52 पत्ती ताश में रुपए पैसों का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना बागनदी से निरी. विजय मिश्रा के नेतृत्व में थाना से टीम गठित कर स्टाफ व गवाहों के साथ रेड कार्यवाही किया गया। इस पर पुलिस ने जुआ फड़ से 52 पत्ती ताश एवं नगदी रकम फड़ से पास से 7330 जप्त किया गया। आरोपियों को विरुद्ध थाना बागनदी में अप. क्रमांक 43/24 धारा छ.ग. जुआ प्रति. अधि. वर्ष 2022 की धारा 3(2) पंजी पंजीबद्ध किया गया। जुर्म जमानती होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# इंदिरा नगर नाला निर्माण व अतिक्रमण हटाने हुए धरना प्रदर्शन को लोगों का मिला समर्थन

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर निवासियों द्वारा वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता 'चम्पू' व राजीवनगर वार्ड के पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में वार्ड में जल जमाव होने से वहां बहने वाले नाले का निर्माण व इसके आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने सहित रोड निर्माण को लेकर नगर निगम समीप अनशन व धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं एवं पुरुषों सहित दोनों वार्ड के पार्षद उपस्थित थे। इंदिरा नगर से जुलुस के शक्ल में निकले इन आंदोलनकारियों के हुजूम को नगर निगम कार्यालय के गेट के समीप ही रोक दिया गया।

**नगर निगम से आंदोलनकारियों को एक सप्ताह में मांगे पूरी करने का आश्वासन**



बता दें कि बारिश के दिनों में इंदिरा नगर में बहने वाले नाले के कारण लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी घुस जाता है। सड़कों में पानी भरा रहता है। इससे वार्डवासी काफी परेशान हैं। इसी तरह जिला चिकित्सालय के सामने बहने वाला बड़ा नाला की समुचित साफ सफाई नहीं होने से हास्पीटल में जल भराव हो जाता है। दोनों वार्ड में जलमग्न की स्थिति बनी रहती है। इसे लेकर वार्डवासियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को वार्ड पार्षद चम्पू गुप्ता वह ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में उपरोक्त मांग के लिए निगम के सामने अनशन किया गया। इस दौरान आंदोलनकारियों से बात करने एएसपी व तहसीलदार भी पहुंचे हुए थे पर बात बनती नजर नहीं आई।

पहले दिन के उक्त धरना- प्रदर्शन व अनशन को समर्थन देने कांग्रेसी के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, पूर्व महापौर अजित जैन, पूर्व सभापति रमेश डाकलिया, चेयरमैन विनय झा, चेयरमैन राजा तिवारी, पार्षद राजा यादव, अवधेश प्रजापति, अजय छेदईया, संजय रजक, शरद पटेल सहित इंदिरानगर, राजीव नगर और हॉस्पिटल कॉलोनी के 150 से अधिक लोग धरना स्थल समर्थन देने पहुंचे हुए थे।

इस दौरान निगम आयुक्त अनशनकारियों से चर्चा करने जरुर आए पर बाद में आने की बात कहकर चले गए। बाद में अनशनकारियों के प्रतिनिधि मण्डल को बुलाया गया और चर्चा उपरांत एक सप्ताह में मांगे पूरी करने के लिखित आश्वासन दिए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि अनशनकारियों को यह भी बता दी गई है कि बारिश तक उक्त से संबंधित किसी भी प्रकार का काम नहीं हो सकेगा। न तो पुराने समय के बने उक्त नाले को इस बारिश के मौसम में बनाया जा सकेगा और न नाले के ईर्द-गिर्द किए गए अतिक्रमण को हटाया जा सकेगा और न इस समय रोड भी बनाया जाना संभव है।

नगर निगम अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि इंदिरा नगर के जिस नाले को लेकर आंदोलन किया जा रहा है वह नाला राजस्व रिकार्ड में ही नहीं है। इस संबध में तहसीलदार द्वारा भी छानबीन की गई। वहीं कोर्ट ने भी निर्णय दे दिया है। इससे उक्त नाला फिलहाल बनाया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उक्त नाले के समीप जो घर बन गये है। जहां पर पानी भरता है। उक्त घर वाला वहां से हटने के लिए तैयार नहीं इसके लिए वह मुआवजा मांगता है। उसे कहां से मुआवजा दिया जाएगा। श्री रामटेके ने बताया कि राजीव नगर में कुछ घरों को हटाए जाने का दबाव बनाया है। बारिश के दिनों में उन्हें हटाया जाना संभव नहीं है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि उक्त संबंध में आवाज उठाने वाले खुद ही अतिक्रमण किए बैठे हैं। इस संबंध में बताया गया है कि निगम अधिकारियों के आश्वासनों के अनुसार अभी एक सप्ताह तक और इंतजार किया जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर रैली निकाल कर फिर से अनशन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# मोटर साईकिल की ठोकर से कोकपुर में नवयुवक मृत



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम कोकपुर में 30 जुलाई मंगलवार की रात्रि तेजगति से आ रहे मोटरसाईकिल की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीरेन्द्र कुमार पटेल पिता डेहर लाल उम्र 23 वर्ष निवासी पुर्रामटोला अपनी मोटर साईकिल क्रमांक सीजी04 जीडी1448 में सवार होकर लापरवाहीपूर्वक अनियंत्रित गति से सडक् पर जा रहा था, वहीं भीषम साहू पिता पंकुराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कोकपुर प्रतिदिवस की भांति रात्रि में अपनी पान दुकान बंद कर पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। कोकपुर स्कूल के समीप ही तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल भीषम साहू को सीधे टक्कर मारकर स्वयं चालक भी गिर पड़ा, जिसके बाद 112 की मदद से दोनों युवकों को डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने भीषम साहू को मृत घोषित कर दिया, वहीं वाहन चालक बीरेन्द्र के सिर में चोट आयी है, ग्रामीणों के अनुसार मोटरसाईकिल चालक काफी नशे की हालत में था लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है, मृतक भीषम अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गया, जिसमें उसके दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं, मामले मे डोंगरगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस) 2023 की धारा 106(1) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# संस्कार सिटी के विद्यार्थियों ने जीता कांस्य पदक




राजनांदगांव (दावा)। 23वें जूनियर यूथ नेशनल वुशु चौंपियनशिप-2024, जो 26 से 31 जुलाई 2024 तक कोयंबटूर में आयोजित की गई थी। जिसमें संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ताऊलू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित चौंपियनशिप में भाग लेते हुए हमारे छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और समर्पण का परिचय दिया। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि अपने परिवार, दोस्तों और सभी समर्थकों को गर्वित भी किया। यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब मेहनत और लगन के साथ किसी लक्ष्य की ओर बढ़ा जाता है, तो सफलता अवश्य मिलती है। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के शाला परिवार ने सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ शिक्षक सुश्री विद्या सिंह एवं सौरभ श्रीवास को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से सभी छात्रों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर, संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष) और अतुल देशलहराजी (सचिव) ने छात्रों एवं खेल विभाग के सभी स्टॉफ को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी और समिति के सभी सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि पूरे स्कूल के लिए एक गर्व का क्षण है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमारे छात्र इसी प्रकार की उत्कृष्टता प्रदर्शित करते रहेंगे और नए मानदंड स्थापित करेंगे। इस उपलब्धि के लिए सभी को एक बार फिर से बधाई।

**23वें जूनियर यूथ नेशनल वुशु चौंपियनशिप में**

# जिला सह. केन्द्रीय बैंक की सेवाएं ठप, दो दिनों से लाखों ग्राहक हो रहे परेशान

राजनांदगांव (दावा)। रायपुर और राजनांदगांव जिले में पिछ्ले 2 दिनों से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सभी शाखाओं में आरटीजीएस और एनईएफटी की सेवाएं ठप हो गई हैं. सर्वर प्रोवाइडर कंपनी टीसीएस के सर्वर पर बग आ गया है. जिसके चलते यह समस्या आ रही है. टीसीएस अपनी सेवा नाबार्ड, एक्सिस बैंक और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को देती है।

टीसीएस के सर्वर पर बग आने से अब रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) कराने वाले लाखों ग्राहकों की परेशानियां बढ़ गई हैं. राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्य शाखा की ब्रांच मैनेजर सविता सिंह ने बताया कि अभी 9 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं, जिससे अभी काम बंद है।

राजनांदगांव में 5 लाख, दुर्ग मुख्यालय में करीब 5 लाख, अंबिकापुर-जगदलपुर में करीब 3-3 लाख और बिलासपुर में 6 लाख कस्टमर हैं. बताया जा रहा है कि, 29 जुलाई से किसी भी प्रकार का आरटीजीएस- एनईएफटी के माध्यम से लेनदेन नहीं हो पा रहा है. ग्राहक परेशान होकर बैंक से वापस लौट रहे हैं. इनमें सबसे ज्यादा परेशान किसान और व्यापारी हैं।

राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्य शाखा की ब्रांच मैनेजर सविता सिंह ने बताया कि, लगभग 9 करोड़ रुपए फंसे हैं, जो अभी तक क्लियर नहीं हुए हैं. बैंकों में लेनदेन करने वाले ग्राहक परेशान हैं. बुधवार को भी कोई लेनदेन नहीं हुआ है. वह बैंक उपभोक्ताओं से चेक नहीं ले रहे हैं।

# राजनांदगांव की विकास योजनाएं डॉ.रमन है तो सब संभव है - डी.सी जैन

**राजनांदगांव (दावा)। नगर में खेलों के विकास हेतु केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा 35 करोड़ स्वीकृत किए जाने पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी.जैन ने अति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि के लिए राजनांदगांव के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रति आभार विज्ञप्ति करते हुए कहा है कि डॉ रमन है तो सब संभव है।**



प्रेस को जारी व्यक्तव्य में डॉ.जैन ने कहा है कि पूर्व में राजनांदगांव के विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की हैसियत से डॉ रमन सिंह द्वारा जो उल्लेखनीय कार्य किए गए है उसके अंतर्गत शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पूल, मोहारा में तट बंध एवं घाट का निर्माण, मोहड़ नदी तट में घाट निर्माण, शिवनाथ नदी को रेत-मिट्टी के अभिशाप से मुक्त करने हेतु शिवनाथ बचाओ अभियान, हरियर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत भंवरमरा में ऑक्सीजोन, बूढ़ा सागर का सौंदर्यीकरण एवं अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज आदि सम्मिलित हैं। अब पुनः राजनांदगांव से विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष बनते ही डॉ रमन द्वारा सर्वप्रथम नगर की विभिन्न योजनाओं के लिए 13.84 करोड़ की योजना का भूमिपूजन नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव की उपस्थिति में संपन्न किया। इसके पश्चात संपूर्ण भारत में हॉकी की नर्सरी के लिए प्रसिद्ध दिग्विजय स्टेडियम में मल्टी-पर्पज हॉल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट आदि अनेक कार्यों के लिए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से 35 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त की हैं। उनके इस योगदान से नगर के खेल प्रेमियों और आम जनता में हर्ष व्याप्त हुआ हैं। शिवनाथ समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी.जैन ने इस उपलब्धि के लिए विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि इसी प्रकार भविष्य में भी राजनांदगांव के सर्वांगीण विकास हेतु अपेक्षित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं डॉ.रमन सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शीघ्र मूर्त रूप लेगी।

# निजी अस्पताल में हुआ दुर्ग जिले का पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट, पिता ने बेटे को एक किडनी देकर बचाई जान

**दुर्ग (दावा)। रायपुर के सरकारी व निजी अस्पतालों की तरह अब दुर्ग के निजी अस्पताल में भी किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा हो गई। 16 जून को आरोग्यम अस्पताल में जिले का पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। बालोद जिले के धनगांव निवासी 66 वर्षीय गुमान देशमुख ने अपने 40 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार देशमुख को अपनी एक किडनी देकर उसकी जिंदगी बचाई।**





सप्ताह में 3 डायलिसिस से बेटे का जीवन दिन ब दिन कठिन होता जा रहा था, सफल सर्जरी होने से डायलिसिस के साथ ही कई अन्य परेशानियों की छुट्टी हो गई। अस्पताल के नियमित नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आरके साहू, यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम पिता गुमान देशमुख और बेटा उत्तम कुमार दारुका और बाहर से बुलाए गए डॉक्टरों ने यह जटिल सर्जरी की। डॉ. साहू व डॉ. दारूका ने बताया कि ट्रांसप्लांट की अनुमति उनके अस्पताल को मई में ही मिल गई थी। सबकुछ ठीक मिलने पर जून में सर्जरी कर दी गई। किडनी डोनेट करने वाले पिता गुमान देशमुख को पांच दिन पहले डिस्चार्ज कर दिया गया, किडनी रिसीवर पुत्र उत्तर कुमार देशमुख को 5 जुलाई तक डिस्चार्ज कर देंगे।

## 2019 से सप्ताह में 3 बार कराते थे बेटे का डायलिसिस, अब मिली राहत

डॉ. साहू के मुताबिक उत्तम कुमार को सप्ताह में तीन बार तक की डायलिसिस करानी पड़ती थी। 2022 में बालोद के निः शुल्क कैंप में वह उत्तम से मिले थे। तभी उन्होंने उत्तम को किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी। डोनर के तौर पर उसी समय उत्तम की पत्नी तैयार हो गई थी, लेकिन शुगर के कारण वह किडनी डोनेट नहीं कर पाई। आगे उत्तम के पिता तैयार हुए और सर्जरी सफल हो पाई।

## मरीज उत्तम को न शुगर, न बीपी फिर भी खराब हो गई थी उसकी किडनी

डॉ. साहू के मुताबिक उत्तर कुमार को किडनी खराब करने वाली दोनों प्रमुख बीमारी क्रमशः बीपी व शूगर में से एक भी नहीं थी। करीब 7-8 साल पहले अचानक ब्लड की रीडिंग गड़बड़ होने के साथ ही अन्य परेशानी होने पर चेकअप कराया तो किडनी खराब होने का पता चला। बीपीएल परिवार होने के नाते इलाज के खर्च की तत्काल व्यवस्था नहीं कर पाए। बाद में राशि जुटाकर दुर्ग में इलाज करवाया।

## किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा ही लक्ष्य, जल्द दूसरा ट्रांसप्लांट करेंगे

किडनी रोगियों को बेहतर इलाज सुविधा देने के साथ ही किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा देना ही लक्ष्य था। 16 जून 2024 को डॉक्टरों की टीम ने जिले का पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट कराकर इसकी शुरुआत कर दी। एक पिता ने अपनी एक किडनी देकर पुत्र को नया जीवन दिया। जल्द ही दूसरा किडनी ट्रांसप्लांट कराएंगे। डॉ. नवीन राम दारुका, मेडिकल डायरेक्टर, आरोग्यम अस्पताल, दुर्ग।

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चें की बचाई आंख, मॉं-बाप ने किया डॉक्टर के नाम पे बच्चे का नामकरण

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित प्रसिद्ध साईं बाबा आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष महोबिया ने एक और मिसाल कायम करते हुए एक बच्चें के आँखों की सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। दरअसल बच्चे को कोलॉस्टॉमी ओपनिंग और क्लोजर की समस्या थी, साथ ही वह आर.ओ.पी. थर्ड स्टेज से भी जूझ रहा था। आर्थिक समस्या के कारण, आशीष के परिवार के पास उसके इलाज के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे, जिस वजह से वे अस्पताल से जा रहे थे। इस बीच, डॉक्टर आशीष महोबिया ने उन्हें कॉल किया और बताया कि बच्चे को तुरंत आर.ओ.पी. और लेजर उपचार की आवश्यकता है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, डॉक्टर महोबिया ने यह सुनिश्चित किया कि पैसों की कमी के कारण बच्चे का उपचार नहीं रुकेगा। डॉ.महोबिया के इस निर्णय ने आशीष की दृष्टि को बचा लिया। आज आशीष सामान्य रूप से देख सकता है, और इसके लिए उसका परिवार डॉ. महोबिया का अत्यंत आभारी है। डॉ. आशिष महोबिया ने कहा, 'हमारा मुख्य उद्देश्य मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि कोई भी मरीज सिर्फ आर्थिक तंगी की वजह से इलाज से वंचित न रह जाए। हमारा विश्वास है कि चिकित्सा सेवा एक अधिकार है, और हम हर मरीज़ को सर्वोत्तम उपचार और सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।





हम उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनते हैं, उचित सलाह देते हैं, और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।' साईं बाबा हॉस्पिटल अपने 30 वर्षों से अधिक के समृद्ध अनुभव और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। हॉस्पिटल में जर्मनी, मुंबई, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, मदुरई, एवं दिल्ली से प्रशिक्षित डॉक्टरों की एक कुशल टीम कार्यरत है, जो अलग-अलग विधाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हॉस्पिटल में प्रशिक्षित चिकित्सकों की एक टीम है जो नवीनतम फेको पद्धति और अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग करके रोगियों का इलाज करती है। इसके अलावा, अस्पताल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क और रियायती दरों पर उपचार प्रदान करता है, ताकि आर्थिक स्थिति किसी भी मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने से रोक न सकें। अस्पताल ने पहले भी मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को लाभ हुआ है। साईं बाबा हॉस्पिटल में अब न सिर्फ ज़्यादा चश्मे के नंबर का ऑपरेशन, बल्कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद रह गया चश्मे का नंबर और बड़ी उम्र के साथ आने वाले नज़दीक के नंबर का भी इलाज अब नई मशीन के साथ संभव है। यदि आप आँखों से संबंधित किसी भी समस्या का सामना कर रहे हैं, तो साईं बाबा आई हॉस्पिटल से संपर्क करने में संकोच न करें। उनकी अनुभवी टीम और उत्कृष्ट सुविधाएं आपको निश्चित रूप से राहत प्रदान करेंगी।

## अनमोल दावा

> प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति को क्रोध और लोभ त्याग देना चाहिए क्योंकि इससे आत्मा का पतन होता है।

### सम्पादकीय

# विकलांगों के लिए आरक्षण कोटा क्यों ?

तेलंगाना केडर की निर्भीक आई.ए.एस. ने सवाल किया है कि अखिल भारतीय सेवाओं में याने आई.ए.एस. जैसी उच्च प्रशासनिक सेवा में विकलांगों के लिए आरक्षण रखने की क्या जरूरत है? ये आई.ए.एस. अधिकारी स्मिता सांभरवाल ने एक प्रकार से मधुमक्खी के छत्ते पर पत्थर फेंक दिया है। अपनी सेवाकाल के 24 वर्ष में पर्याप्त अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने कहा है कि आई.ए.एस. अधिकारी को बहुत घुमना पड़ता है। कई घण्टों तक सतत काम करना पड़ता है। जनता के सुख-दुख और प्रदर्शन, लॉ एण्ड आर्डर को खुद संभालना पड़ता है। इन सभी कार्यों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य का सुदृढ़ होना आवश्यक है।

आई.ए.एस. जैसी प्रथम स्तर की प्रशासनिक सेवा में आरक्षण याने कोटा की आवश्यता क्यों है? सांभरवाल ने पूछा है कि कोई एयरलाईन विकलांग व्यक्ति को विमानी सेवाओं में रख सकती है? सर्जन विकलांग हो सकता है? अगर, होगा तो वह आपरेशन कैसे करेगा? जमीनी विचार योग्य है कि सरकारी अधिकारी होने के बावजुद स्मिता साभरवाल का सार्वजनिक कथन सराहनीय और अभिनंदनीय है।

उधर, कथित सेवाभावी राजनीतिज्ञ और आरक्षण में स्थापित स्वहित रखने वाले नेता लोग उन पर टूट पड़े हैं। किसी ने उसे अभिमानी, असंवेदनशील बताया है। किन्ही विकलांगों ने भी अपना अभिमत दिया है कि मैं प्रमाणित अपंग हूं, फिर भी बगैर किसी सहारे के चल रहा हूं। किसी ने कहा- मैं ड्राइविंग करता हूं।

नि:संदेह ये सभी विकलांग शाबासी के हकदार हैं। ऐसे में उन्हें आरक्षण की क्या जरूरत है? अन्य लाखों उम्मीदवारों के समान उन्हें भी सामान्य श्रेणी में परीक्षा देनी चाहिए? साभरवाल का सवाल वाजिब है कि अमुक विशेष सेवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य सौ फीसदी ठीक रहना चाहिए। उनका कथन किसी का अपमान करना नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति जिस कार्य में पात्रता रखता हो, उसे उससे जुड़ी नौकरी पाने मेहनत करनी ही चाहिए। सभी ही सरकारी नौकरियां सभी प्रकार के लोगों के लिए खुला रखना उचित नहीं है। अगर, ऐसा होगा है तो इसे कुसेवा ही कहना पड़ेगा। सरकारी तंत्र जनता के करों के भुगतान से ही चलता है। इसलिए उन्हें श्रेष्ठ सेवा प्राप्त करने का अधिकार है।

आरक्षण प्रणाली में सुधार करना अब यह जरूरी हो गया है। गरीबों और पिछड़ों वर्ग के लिए इस प्रणाली में स्थापित हित प्रवेश कर गए हैं। जो नीति-नियमों में छिद्रों को पाकर उल्टा-सीधा पद व नौकरी प्राप्त कर लेते हैं। वर्तमान में चर्चित पूजा खेडकर इसका उदाहरण है। अनेक मंत्री, सांसद, विधायक, आई.ए.एस., आईएफएस अधिकारियों की संतानें भी आरक्षण का फायदा उठाने की जद्दोजहद करते हैं। वे अपने समाज के अन्य लोगों के लिए स्थान रिक्त नहीं करते। जिसका दुष्परिणाम यह कि वास्तविक पिछड़ों और गरीबों जैसे आर्थिक तंगी वाले जहां हैं, वही रहते हैं। लोकतांत्रिक संविधान को जब तक नहीं बदलेंगे, तब तक इन अनिष्टों को दूर करना असंभव है। परन्तु, संविधान को बदलने की अफवाह भी जो नुकसानकारक होती है, उसे हमने हाल ही सम्पन्न लोकसभा चुनाव में देखा है।

# युग चेतना के साहित्यकार : मुंशी प्रेमचंद

**डॉ. बी. नंदा जागृत**



आज राष्ट्रवाद एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग कर हर कोई अपने आप को देशभक्त साबित करने में लगा हुआ है। हमारा देश महान वीर क्रांतिकारियों से समृद्ध रहा है। जो छोछे नहीं थे। वे केवल नाम मात्र के वीर नहीं थे उन्होंने देश हित के लिए अपनी शहादत दी।

प्रेमचंद ऐसे रचनाकार हैं जिनका प्रथम कहानी संग्रह सन 1907 में प्रकाशित हुआ था। संग्रह का नाम था, ''सोजे वतन'' जो उर्दू भाषा में लिखा गया था। इस संग्रह में ''दुनिया का अनमोल रतन'' जैसे कहानियां थी ''सोजे वतन'' का अर्थ है ''देश का दर्द'' इस शीर्षक से यह समझ में आता है कि इस संग्रह की रचनाओं में परतंत्र भारत की विषम स्थितियों का चित्रण था । इस रचना को अंग्रेजी सरकार ने जप्त कर लिया था। इसके बाद उन्होंने प्रेमचंद के नाम से लिखना शुरू किया। जो लोग हिंदीढ्ढ उर्दू के बीच झगड़ा पैदा कर उर्दू को विदेशी भाषा कहते हैं, उनको यह जानना चाहिए कि प्रेमचंद ने ''देश का दर्द'' नवाब राय के नाम से उर्दू भाषा में लिखा था। उन्हें इसी नाम से ख्याति प्राप्त हुई थी परंतु प्रेमचंद जैसा नाम उन्हें एक उर्दू लेखक और संपादक दयाराम निगम ने दिया था।

प्रेमचंद का हृदय संकुचित राष्ट्रवाद से ऊपर था वे अपने पात्रों के माध्यम से संदेश देते हैं कि हर मनुष्य को मनुष्य की तरह जीने का अधिकार मिलना चाहिए। देश गुलाम था। इस समय स्वाधीनता आंदोलन अपने पूरे शबाब पर था। प्रेमचंद यह मानते थे कि आजादी की यह लड़ाई इंसाफ की लड़ाई है। इस समय वह एक नया भाव पैदा होते देख रहे थे।

संसार के सभी मेहनतकश भाईढ्ढ भाई हैं। उनके लिए देशभक्ति और जनतंत्र अलग-अलग चीज नहीं थी। उन्हें अपने सम्मान से ज्यादा



**जन्म दिवस पर विशेष**

> **प्रेमचंद का हृदय संकुचित राष्ट्रवाद से ऊपर था वे अपने पात्रों के माध्यम से संदेश देते हैं कि हर मनुष्य को मनुष्य की तरह जीने का अधिकार मिलना चाहिए। देश गुलाम था। इस समय स्वाधीनता आंदोलन अपने पूरे शबाब पर था। प्रेमचंद यह मानते थे कि आजादी की यह लड़ाई इंसाफ की लड़ाई है। इस समय वह एक नया भाव पैदा होते देख रहे थे।**

देश के सम्मान का ध्यान रहता था।

प्रेमचंद भारत के दुखीढ्ढ निर्धन परवश स्त्री के गाथा के लेखक थे। एक तरह उनका लेखन पीड़ितों के दुख को प्रत्यक्ष करने एवं उनका समाधान का दस्तावेज है। उनकी प्रत्येक रचना समाज के अलग-अलग वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। सेवा सदन, निर्मला, गबन आदि उपन्यास भारतीय स्त्री की पराधीनता की समस्या पर आधारित है तो गोदान, भारतीय किसान की महा गाथा है कायाकल्प, रंगभूमि तक आते-आते उनमें एक नई बात दिखाई देती है कि इस समय जनता दमन से डर कर भागती नहीं बल्कि उसका मुकाबला करने बढ़ती है।

कर्मभूमि, राष्ट्रीय आंदोलन के साथ किसानों मजदूरों की समस्याओं पर केंद्रित है। उन्होंने यह बताने का प्रयास किया है कि भारत की आजादी गरीबों के लिए पहले है, क्योंकि इस लड़ाई में वे ही सबसे बड़ी शक्ति हैं, ताकत हैं उनका अंतिम उपन्यास गोदान, जो भारतीय कृषकों की गाथा ही नहीं है अपितु उस महान साहित्यकार के देश प्रेम, जन प्रेम, किसान प्रेम, समाज प्रेम, सामाजिक सौहार्द्र, राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समस्याओं, अंधविश्वास से मुक्ति, शिक्षा और शिक्षकों की राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, राजनीति का स्वार्थपन, नेताओं का दोमुहापन सब कुछ हमें इसमें दिखाई देता है। प्रेमचंद मानते हैं कि पढ़े-लिखे लोगों को अन्याय और अत्याचार से पीड़ित जनता का साथ देना चाहिए। सबके प्रयत्नों से ही भय, आतंक और अंधविश्वासों का खत्म हो सकता है। वे मानते थे की राय साहब और खन्ना जैसे नकली देशभक्त देश की उन्नति में बाधक हैं ।इसलिए वे हर बार ऐसे चरित्रों की वास्तविकता प्रकट करते हैं। पाखंड, धूर्तता, अन्याय, बलात्कार और ऐसी अन्य दुष्प्रवृत्तियों के प्रति लोगों में घृणा होनी चाहिए।

प्रेमचंद आज और अधिक

प्रेमचंद आज और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं जब तक समाज में बुराइयां, छलढ्ढ कपट, ईर्ष्या, जाति-पाति, वर्ग भेद, नकली राष्ट्रभक्त रहेंगे प्रेमचंद तब तक प्रासंगिक बने रहेंगे।

कुरीतियां, कुप्रथाओं की गहरी अंधियारी गुफाओं में कैद मानवता को समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए आजाद करने की वैचारिकी प्रेमचंद जैसे साहित्यकारों ने देने का प्रयास किया। उपेक्षा, तिरस्कार, अपमान से व्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता की भावना नष्ट हो जाती है। उसका कोई तो सुनने वाला हो। ऐसे वंचितों के साथ समाज के भेदभावपूर्ण अमानवीय व्यवहार को बहुत कम रचनाकारों ने उठाया है उसमें से एक हैं प्रेमचंद।

**प्रो. हिन्दी विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव**
**मो. - 94241-11402**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 219 : महाराज दशरथ की दशा देखकर श्री राम विचलित हुए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



'जो आज्ञा युवराज!'

'युवराज राम की जय हो!' प्रजा में अंबर को गुंजा देने वाली जय ध्वनि हुई।

श्री राम कुछ ही क्षणों में जनता की प्रतिक्रिया पर ध्यान दिए बिना अपने पिता महाराज दशरथ से भेंट के लिए प्राचीर की सीढ़ियां उतरने लगे और तेजी से महाराज के कक्ष की ओर बढ़ने लगे।

श्री राम ने कक्ष के भीतर प्रवेश किया। महाराज दशरथ शय्या पर हैं।वे बड़ी कठिनाई से उठकर बैठे हैं। रानी कैकेई उनके बगल में एक आसन पर अर्थपूर्ण दृष्टि से उन्हें देख रही हैं। श्री राम ने पुकारा,

'पिताश्री, माता श्री! प्रणाम! यह राम आपके श्री चरणों में अपना मस्तक लगाना चाहता है।'

श्री राम ने अपने पिता और माता के चरण स्पर्श किए। ज्योंही श्री राम की मधुर वाणी कान में पड़ी, राजा दशरथ फिर से चैतन्य हो गए।उनकी आंखों में चमक आ गई और उन्होंने पुकार कर कहा, 'आशीर्वाद,आओ पुत्र! मैं तुम्हारी ही प्रतीक्षा कर रहा था।'

'मैं आ गया हूं पिताजी !लेकिन आपकी दशा उत्तम प्रतीत नहीं हो रही है। पिता श्री को क्या हुआ है माता? वे आज इस शुभ मंगल घड़ी में इस तरह उदास क्यों बैठे हैं?' श्री राम ने पूछा।

'इस दुष्ट बुद्धि कैकेई ने मेरी यह हालत कर दी है पुत्र! एक ओर जहां अयोध्या के हर घर में प्रसन्नता है, वहां राजप्रासाद के इस भवन में दुर्भाग्य ने अपने बसेरा कर लिया है राम!' राजा दशरथ ने निराशा के स्वर में कहा।

'ऐसा संभव नहीं है पिता श्री! आपके राज्य में अयोध्या में चहुं ओर सदा सौभाग्य ही सौभाग्य व्याप्त होता है। राज कार्यों में परामर्श के लिए छोटी माता के रूप में एक प्रबल शक्तिपुंज की उपस्थिति आपके साथ सदैव है ही पिता श्री। ऐसे में दुर्भाग्य का यहां क्या काम? फिर भी इस सेवक राम से जो हो सकेगा, वह इस दुर्भाग्य के कारण को ही जड़ से नष्ट कर देगा।' श्री राम ने पिता को आश्वस्त किया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### ''मनखे के जियई करलई होगे''

बारी बखरी उजरगे, खेत के मतई होगे रे।
बादर ले उंचा महगई होगे रे।।
करिया भाटा ल तो देख, गजब ईतरावत हे।
लिरबूटहा रमकलीया ह, मनमाने अटियावत हे।
किचकिचहा कुदरू के, मेछरई ल तो देख,
सौ रूपिया बंगाला, जस रसमलई होगे रे,
बादर ले उंचा महगई होगे रे।।
बरबट्टी अऊ केरा ह, नग्गत मटमटावत हे।
धनिया अऊ लसून ह, नाक म नई महमावत हे।
पचपचहा कुम्हड़ा घलो, अपन ताव ल देखावत हे।
शक्कर ल करू होगे, गोदली ह रोवावत हे।
कड़वा करेला तो मिठई होगे रे,
बादर ले उंचा महगई होगे रे।।
आलू के दाम ह, बाढ़े उपर बाढ़त हे।
चना बटरा मसुर संग, सगई होगे रे।
जिमीकांदा कोचई तो, देखे बर नोहर होगे,
मुदगा मयारू सब बर जेवई होगे रे,
हाय दई अहा का महगई होगे रे।
मनखे के जीयई करलई होगे रे।
बादर ले उंचा महगई होगे रे।।



– आनंदराम साहू
कु.बो. भाठागांव

## कविता

### मुंशी प्रेमचंद की प्रासंगिकता

किसान की बैल गाड़ी अब ट्रैक्टर में बदल गई,
साहूकार की जगह अब सरकार ने ले ली है।
पर प्रेमचंद की कहानियाँ आज भी जीवंत हैं,
उनकी सच्चाई, उनकी बातें अब भी प्रासंगिक हैं।
दहेज की प्रथा अब भी समाज में है,
जाति भेदभाव की जड़ें अब भी गहरी हैं।
प्रेमचंद की लेखनी ने जो चित्रण किया,
वो आज भी हमारे समाज में सजीव है।
गोदान का होरी अब भी संघर्ष कर रहा है,
निर्मला की पीड़ा अब भी दिल को छू रही है।
गबन की कहानी अब भी हमें सिखा रही है,
ईमानदारी और नैतिकता की राह दिखा रही है।
समय बदला, तकनीक बदली, पर समस्याएँ वही हैं,
प्रेमचंद की कहानियाँ आज भी हमें राह दिखा रही हैं।
उनकी लेखनी का जादू अब भी कायम है,
समाज की सच्चाई को अब
भी उजागर कर रही है।



– गिरीश ठक्कर स्वर्गीय

## सामयिक चर्चा

### महंगाई, गृहस्थ का गम है भाई!

खबर पढ़ कर,
अपने आप हँस कर,
बानी बोले-''ये लो गजाधर!
प्रधानमंत्री मोदी जी ने
आखिर बात की महंगाई पर।
उनके अनुसार भारत देश
उच्च विकास दर
और कम महंगाई वाला
इकलौता देश बना हुआ है।
उनके इस कम महंगाई वाले कथन ने
हमारे मन को गजाधर!
कुरेद कर, छुआ है।
आप इस पर क्या कहते हैं?''
एकाएक गृहस्थ गिरधारी बोल उठे-
''हम बताते हैं,
हम क्या विचार रखते हैं-
देखिए! सुनिए-बानी भाई!
मोदी जी का न घर है, न गृहस्थी,
फिर वे पीएम हैं,
तो वे क्या जाने, गम-ए-
महंगाई?''



गिरीश बख्शी

## कविता

### ज्ञानेन्द्रियाँ एवं कर्म

शरीर है रथ के समान इसमें होती है कर्मक्रिया
उसमें ज्ञानेन्द्रिय रूप के पाँच थोड़े जुते हुए हैं
पुण्य और पाप दो प्रकार के हैं कर्म जो गतिहीन है
तीन गुण हवजा और डोरियाँ हैं।
मन है बागडोर, बुद्धि है सारथि,
हृदय है बैठने का स्थान, सुख, दुःखादि द्वन्द जुड़े हुए हैं,
इन्द्रियों के पांच विषय उसमें रखे हुए आयुध हैं,
त्वचा आदि सात धातुएँ इसके आवरण हैं।
पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्रकार की गति है,
रथी रूप यह जीव मृग तृष्णा के समान
मिथ्या विषयों की और दौड़ता है,
ग्यारह इन्द्रियाँ उसकी सेना,
पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ विषयों का
खेलता है अन्याय पूर्वक शिकार।
काल चण्डवेग है, यह हरता है,
मनुष्य की आयु को, वृद्धावस्था काल कन्या है,
रोगादि, शारीरिक कष्ट, मानसिक क्लेश
काल के यवन राज है, पैदल सैनिक है।
शीत और उष्ण दो प्रकार के ज्वर और प्रज्वर है,
क्षुद्रविषयों के चिंतन में वह कई कर्म करता है,
अध्यात्म और आत्मज्ञान सुकर्म की राह दिखाता है,
तोड़ें अज्ञान निद्रा, एकाग्रता एवं सम्यक भक्ति
भाव की शरण जाना है।

देवेन्द्र महोबे,
खैरागढ़
9424129646

## राशिफल



**मेष** – आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे।



**वृषभ** – आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।



**मिथुन** – आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।



**कर्क** – आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।



**सिंह** – आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।



**कन्या** – आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है।



**तुला** – आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे।



**वृश्चिक** – आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा।



**धनु** – आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।



**मकर** – आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।



**कुंभ** – आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं।




**मीन** – आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -135

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, [illegible] मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुजरात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | धा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# मुक्तिधाम से अतिक्रमण हटाने सौपे ज्ञापन

अनुविभागीय अधिकारी ने दिए कार्रवाई के निर्देश



डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय मुक्तिधाम समिति के सदस्यों ने आज पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी खेमलाल वर्मा से मिलकर मुक्तिधाम जैसे स्थान पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने आवेदन दिया। सदस्यों ने बताया कि नगर के सबसे पुराने छिरपानी मुक्तिधाम मे इन दिनों अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है।

अस्थाई दुकान बनाकर लोग वहां अतिक्रमण कर रहे हैं। कुछ अतिक्रमण पहले से भी हैं। मुक्तिधाम समिति द्वारा बार-बार इनसे निवेदन किया जा चुका है। किंतु ये अपने आप अतिक्रमण हटा नहीं रहे हैं। वहां पर जन सहयोग से निर्माण कार्य प्रारंभ है तथा मुक्तिधाम एक अनिवार्य आवश्यकता का विषय है। इसलिए यहां अतिक्रमण को रोकना तत्काल आवश्यक है। क्योंकि इस जगह पर क्रिया कर्म में शामिल होने वाले लोगों की गाड़ी की पार्किंग व निस्तार की सुविधा भी की जाती है।

इसके साथ-साथ वहां पर हम वृक्षारोपण करने व मुक्तिधाम को अधिक साफ सफाई के साथ सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं । इसलिए इन अवैध अतिक्रमण को तत्काल ना रोका गया तो वहां पार्किंग सहित अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिस पर दोनों अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए अनु विभागीय अधिकारी ने कहां कि आगामी सोमवार तक सभी अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर दिया जाएगा जल्द ही मुक्तिधाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से निर्माण समिति के सक्रिय सदस्य मनोज गुप्ता, चेतन अग्रवाल, मोंटी भाटिया, शम्मी भाटिया, अनिल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल एवं गोपाल खेमुका उपस्थित थे।

# डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



डोंगरगढ़(दावा)। डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार आज दिनांक 31 जुलाई 2024 को समीर कान्त माथुर से ग्रहण किया। समीर कान्त माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ-साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे।

डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव भारतीय रेलवे परिचालन सेवा (आईआरटीएस) के 2014 बैच के अधिकारी है। डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थापना के पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (यात्री सेवा) के पद पर पदस्थ थे। साथ ही ये मध्य रेलवे के सोलापुर, भूसावल व नागपुर रेल मंडल में परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के अलग-अलग पदों सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबन्धक तथा उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (गति शक्ति) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

# ग्राम महरूम बना अवैध शराब का गढ़ : महिलाओं में भय व्याप्त




डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम महरूम में लंबे समय से जगह-जगह शराब की खुलेआम बिक्री की जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार एक पुराना कोचिया बस स्टैण्ड, यात्री प्रतीक्षालय में ठेला खोलकर अवैध शराब बिक्री कर रहा है, वहीं वन विभाग की नर्सरी के अंदर बैठकर शराब बिक्री कर रहा है तथा कोई अटल चौक के चखना दुकान का आड़ लेकर अवैध शराब को चाय की तरह बेची जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक व्यक्ति गाड़ी में घूम-घूमकर शराब बेचता है, वहीं एक अपने घर में शराब बेच रहे हैं. अधिक मात्रा में खुलेआम शराब विक्रय और सेवन से ग्राम में आये दिन मारपीट और लड़ाई झगड़े आम हो चले हैं, ऐसा नहीं है कि पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। ग्राम में खुलेआम शराब विक्रय और संबंधित व्यक्तियों पर किसी भी तरह के कोई कार्यवाही न होना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है, ग्राम में जहाँ खुलेआम शराब विक्रय के चलते महिलाओं और ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है, वहीं इसकी चपेट में अब स्कूली बच्चे भी आ रहे हैं। यह ग्राम छुरिया ब्लॉक के एक कोने में होने की वजह से अधिकारियों का आवागमन भी काफी कम होता है, जिसके चलते यहाँ शासकीय कार्यालयों पर भी लगाम नहीं है।

# पहला कॉलम...

## डोंगरगढ़ में शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजा का कार्यक्रम 12 अगस्त को

डोंगरगढ़ (दावा)। आचार्य पंडित रामखेलावन दुबे, पंडित तरुण शास्त्री की अगुवाई में उनके सहयोगी विक्की दुबे, लक्ष्मी नारायण दुबे, खिलेंद्र दुबे, के द्वारा धर्मनगरी डोंगरगढ़ छीरपानी कार्यालय बड़ी बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में जन कल्याण हेतु प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावणमास के पावन अवसर पर गृह दोष, कालसर्प दोष निवारण, गृह कलेश, विवाह एवं समस्त कष्ट निवारण हेतु 108 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजा का कार्यक्रम आगामी 12 अगस्त दिन सोमवार को छीरपानी कार्यालय बड़ी बम्लेश्वरी प्रांगण में प्रातः 9:00 बजे से रखा गया है जिसमें अंचल के धर्म अनुरागियों से जन कल्याण हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

## थलेश्री का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन पर हर्ष



डोंगरगांव (दावा)। कहते हैं खुद से कभी हारे नहीं, क्योंकि जीतने का किया था वादा, मुश्किल आई जरूर, लेकिन झुकाया नहीं अपना इरादा. कठिन परिश्रम ही सफलता की चाबी है, इस बात को सरोकार कर दिखाया. उक्त बातें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारीकला, विकासखंड- छुरिया अंतर्गत चिरचारीकला निवासी धर्मेंद्र कुमार मंडले की होनहार सुपुत्री कु. थलेश्री ने कर दिखाया, होनहार छात्रा कु.थलेश्री का अटल प्रयास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। संस्था के प्रधान पाठक हेमंत कुमार सलामे, संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, सुरेश शुक्ला, सविता सलामे, संतोष निर्मलकर, देवेंद्र साहू, प्रकाश सिलाता, अशोक सहाड़े, दीपमाला साहू, जयाकंवर सहित विद्यालय परिवार और ग्राम के शुभचिंतकों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की मंगलमय कामना की है।

## शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे विधायक भोलाराम साहू



खुज्जी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू 30 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दामा बंजारी में डीलेश्वर ताम्रकर, ग्राम लाटमेटा में श्रीमती जमुना यादव और नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद श्रीमती विमला कलिहारी के घर पहुंचकर भेंट मुलाकात किया और विधायक श्री साहू ने परिजनों को सांत्वना दी साथ में पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के पूर्व सदस्य मनोज साहू व अन्य नेतागण उपस्थित थे।

## केसीजी को अग्निशमन गाड़ी की सौगात, जिले में लंबे समय से थी मांग

### आपातकालीन स्थितियों से निपटने मिलेगी मदद

खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई की बहुप्रतीक्षित मांग अंततः पूरी हो गई है। गत वर्ष से ही जिला प्रशासन द्वारा अग्निशमन यंत्र का मांग पत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजा गया था। जिस पर सरकार ने मुहर लगाते हुए अग्निशमन वाहन की स्वीकृति दी। विगत दिन वाहनों को तैयार कर ज़िला मुख्यालय में वेंडर द्वारा पहुँचाया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नए वाहनों की पूजा की तथा साथ में प्रमुख उपकरणों का ट्रायल भी करवाया।।ज्ञात हो कि खैरागढ़ और छुईखदान में फ़ायर वाहन नहीं होने के कारण आपातकालीन स्थितियों से निपटने में प्रशासन को काफी दिक्कत होती रही है, किंतु अब नये अग्निशमन वाहनों के आ जाने से इन स्थितियों से निपटने में आसानी होगी। बता दें कि दो प्रकार के फायर वाहन जिसमे एक वाटर टेंडर और दूसरा फोम टेंडर वाहन है का ऋय किया गया है? वाहन और सामग्री का भौतिक सत्यापन विगत दिनों किया गया। भौतिक सत्यापन दल में अपर कलेक्टर, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, राजनंदगांव, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, जिला कोषालय अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं वेंडर के अधिकृत प्रतिनिधि सम्मिलित थे। वाहनों को ज़िला सेनानी के अभिरक्षा में दिया जाएगा,जो इन्हें आवश्यकता अनुरूप उपयोग करेंगे। नगरपालिका के द्वारा पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# सेवाराम साहू, पंचराम सिन्हा एवं ओंकार साहू को सेवानिवृत्त होने पर निगम में दी गई भावपूर्वक बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में जल विभाग में फीटर के पद पर कार्यरत सेवाराम साहू व भृत्य ओंकार साहू तथा लोककर्म विभाग में बगीचा प्रभारी के पद पर कार्यरत पंचराम सिन्हा को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद गगन आईच, पार्षद प्रतिनिधि मन्टू यादव एवं कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि निगम के कर्मठ कर्मचारी सेवाराम साहू सहित पंचराम सिन्हा व ओंकार साहू निगम में लंबा समय व्यतीतकर निष्ठापूर्वक कार्य किये और आज शासन नियम के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि जल विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में सेवाराम ने लगन से काम कर पेयजल सप्लाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके सेवानिवृत्त होने से जल विभाग में इनकी कमी सदा रहेगी। इसी प्रकार पंचराम ने निगम सहित शहर के उद्यानों के रखरखाव, संधारण का कार्य कुशलतापूर्वक किया तथा ओमकार साहू ने भी जल विभाग में ईमानदारी से सौपे गये दायित्वों का निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को इनसे सीख लेकर कार्य करनी चाहिये। सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी उसे जल्द पूर्ण किया जायेगा, इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी निगम परिवार आपके साथ खडा रहेगा। मैं इन कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि निगम में जब भी आपकी आवश्यकता होगी आप सहयोग करेंगे। मैं आप लोगों के आगे की अच्छी जीवन के लिये शुभकामनाएं देता हूँ। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने तकनीकि अधिकारी होने के नाते अपने साथ किये गये इनके कार्यो को अपने स्वागत भाषण में बताते हुये कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन भी किया। बिदाई समारोह का संचालन प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे ने किया।

# खैरागढ़ कॉलेज में प्रेमचंद जयंती का आयोजन संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में बुधवार 31 जुलाई को महान कथाकार प्रेमचंद की जयंती मनायी गई।। इस आयोजन में प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'पूस की रात' का पाठ किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे.के. साखरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अपने स्कूली पाठ्यक्रम में प्रेमचंद की कहानियों को पढ़ा है। हमारे व्यावहारिक जीवन में उनकी कहानियाँ आज भी प्रासंगिक हैं। संस्था के छात्रसंघ प्रभारी और ग्रंथपाल जे. के. वैष्णव ने कहा कि हमारे जीवन में साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। साहित्य ही है, जो हमको जीवन पथ पर चलना सिखाता है। हमें साहित्य और अन्य उपयोगी किताबें लगातार पढ़नी चाहिए, जिससे हमारे व्यक्तित्व का विकास तो होगा ही, साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी पूर्ण हो सकेगी। हिंदी विभाग के व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल ने कहा कि प्रेमचंद का सारा साहित्य समाज को सही दिशा देने वाला है। आज से 100 वर्ष पूर्व लिखी गयी उनकी कहानियों में तत्कालीन जीवन की धड़कनें सुनी जा सकती हैं। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की हिंदी की व्याख्याता डॉ. मेधाविनी तूरे ने विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रो. यशपाल जंघेल ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियों की भावभूमि यथार्थ और आदर्श को लेकर निर्मित हुई है।। उनका लेखन जितना महत्वपूर्ण साहित्य के लिए है, उतना ही महत्वपूर्ण हमारे जीवन के लिए भी है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता प्रेमचंद को पढ़कर अपने जीवन में उतारने की है। इस आयोजन में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो. सतीश माहला, अतिथि व्याख्याता , कुंदन कुमार यादव, दुर्वासा सिन्हा, अजय कुमार के साथ-साथ एम. हिंदी के छात्र सुनील वर्मा, अनसुइया निषाद के अलावा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# अवैध लकड़ी तस्करी पर राजस्व विभाग की कार्यवाही



डोंगरगढ़(दावा)। अवैध लकड़ी तस्करी पर राजस्व विभाग की ओर से लगातार हो रही कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में दहशत व्याप्त है। अनुविभागीय राजस्व कार्यालय डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पटपर के रोड किनारे खेतों से बिना अनुमति ओषधि प्रजाति कहुवा वृक्ष, नीम सहित अन्य प्रजातियों को काटकर रख दिया गया था।

लकड़ी ठेकेदार के द्वारा चारपहिया वाहन में लोड किये जाने की सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी खेमलाल वर्मा के निर्देश पर कार्यवाही की गई है। मामले में थाना चिचोला व वन अमला सहित राजस्व डोंगरगढ़ की टीम द्वारा वाहन में लोड लकड़ी के संबन्ध में वैध दस्तावेज की मांग की गई थी परंतु कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 1109 गाड़ी क्रमांक सीजी 08 एएम-8475 वाहन सहित वृक्षों के गोलो की जप्ती बना पुलिस को सौंपी गई है।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

छुरिया (दावा)। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए ऑन आवेदन पत्र भरने के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

संस्था के प्राचार्य संजय कुमार मंडल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार सत्र 2024-25 के लिए संयुक्त जिला राजनांदगांव के शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आगामी 16 सितम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को चयनित परीक्षा केन्द्रों में पूर्वान्ह में आयोजित होगी। परीक्षा में बैठने की पात्रता के लिए छात्र-छात्राओं को प्रत्येक कक्षा में पूर्ण सत्र तक अध्ययन किया होना चाहिए। शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय शालाओं में कक्षा तीसरी एवं कक्षा चौंथी लगातार अध्ययन किया हो।

विद्यार्थी की जन्मतिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होनी चाहिए। प्रवेश परीक्षा के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के बेबसाइट www.navodaya.gov.in. पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। संस्था के प्राचार्य श्री मंडल ने संयुक्त जिला राजनांदगांव के शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय प्राथमिक शालाओं के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं से शत-प्रतिशत ऑन-लाइन आवेदन पत्र भरने की अपील की है।

# महाविद्यालय में वैल्यू एडेड कोर्स संपन्न हुआ




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय पार्रीकला राजनांदगांव में हिंदी विभाग के द्वारा 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ अतिथि व्याख्याता के रूप में पधारे डी.एस.ठाकुर प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा मानक हिंदी भाषा एवं हिंदी व्याकरण के अतिरिक्त देवनागरी लिपि के बारे में विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बताया। उनके व्याख्यान से विद्यार्थी हिंदी व्याकरण और देवनागरी लिपि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि लिपि भाषा को स्थायित्व प्रदान करती है। लिपि का महत्व इस तथ्य से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में यदि लिपि होती तो अपेक्षाकृत अधिक लोक साहित्य जीवित होते। भाषा और लिपि ने मानव को सभ्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

# सड़क पर गड्ढे या गड्ढे पर सड़क, बरसाते पानी में कांग्रेसियों ने लगाया धान का थरहा

0 सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर किया विरोध प्रदर्शन
0 सड़क के गड्ढों में भरे पानी में धान का थरहा रोपकर जताया विरोध
0 सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सड़क पर की धान की रोपाई
0 स्थानीय प्रशासन को सौपा बेशर्म का गुलदस्ता सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए कांग्रेसी

खैरागढ़ (दावा)। लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क के गहरे गड्ढों में हुए जलभराव में धान का थरहा रोपकर कांग्रेस के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। विधायक प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी मे कांग्रेसियों ने धान का थरहा लगाया।

इतवारी बाजार मुख्य मार्ग पर बने गड्ढों पर धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही जिले का एक मात्र स्कूल केंद्रीय विद्यालय उस रास्ते मे चलो तो ऐसा लगता है, कि 'रोड मे गड्ढे है या गड्ढे मे रोड' है। उस सड़क की मरम्मत की मांग की है। यही नहीं उक्त गड्ढे पर दोपहिया वाहन चालक व छात्र-छात्राएं सायकल से प्रतिदिन गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रही है।

मनराखन देवांगन ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका द्वारा उक्त सड़क का मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। यह सड़क के साथ-साथ शहर की कई मार्गो के जर्जर व गड्ढे होने पर भी प्रशासन का ध्यान नही देना समझ से परे है। गड्ढा मुक्त अभियान के दौरान भी इस सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए। आय दिन तिराहा होने से लोडेड गाड़ी का आना जाना लगा रहता है। जिससे दिन भर रोड जाम भी हो जाता है। इन सड़कों पर जगह-जगह गड्ढा है।

थोड़ी सी ही बारिश में ये सड़कें डूब जाती है। बारिश के दिनों में कीचड़ होने के कारण लोगों को सड़कों पर चलने में काफी दिक्कतें होती है। कई बार लोग गिर जाते हैं। इस आंदोलन के माध्यम से हम भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन से अनुरोध कर रहे हैं। जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने कहा की स्टेट हाइवे क्रमांक पांच में बनी यह सड़क भाजपा कार्यकाल की भर्रासाही का नमूना है। चंद किलोमीटर के करोड़ो रुपये के आबंटन में घटिया सड़क का निर्माण हुआ था। 100 गांव के बाजार मुख्यलय मे स्कूल कॉलेज वाले इस रोड को इस हाल मे देखना दुख दाई है।



वार्ड पार्षद दीपक देवांगन ने कहा कि तुरंत कार्रवाई करें। खैरागढ़ की सड़क कई वर्षो से बर्बाद है। बारिश के दिनों में इन सड़कों पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कांग्रेसी का आरोप है, कि सड़कों पर कोई सुधार नहीं हो रहा है।

सभी सड़कें समय से पहले उखड़ चुकी हैं। साथ ही धरमपुर से लालपुर रोड इतना जर्जर और गड्ढे हो गया है। पैदल चलने मे भी परेशानी होता है। कई आंदोलन कई प्रदर्शन के बाद भी हालात वैसे ही बने हुए हैं। बेशक कागजों में सड़कों को सुधारा जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। भाजपा सरकार होश मे आओ स्थानीय प्रशासन होश में आओ सड़क की मरम्मत जल्द करो। भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी, प्रशासन सत्ता सरकार की चापलूसी बंद करो। आप जनता की प्रशासक को जनता के हित के लिए काम करो, और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, विधायक यशोदा वर्मा जिंदाबाद के साथ विभिन्न नारे लगे।

विरोध प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, नपा. उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पार्षद दिलीप लहरे, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, पार्षद सुमित टांडिया, सोनू ढीमर, पूरन सारथी, भारत चंद्राकर, यादव सारथी शेखर दास, समीर कुरैशी, सुमित जैन, राजा सोलंकी, गोपी रजक, हरी दर्शन ढीमर, आकाश सारथी, विनोद सिन्हा, प्रदीप अग्रवाल, नरेश सिन्हा, राजा रजक, कन्हैया राजक, अनूप पटेल, अनिल पटेल, दिनेश पटेल, तेजू राम, रुतन पटेल, जित्तू पटेल, जग्गू पटेल, जागेसार पटेल, मोनू पटेल, फुलेश पटेल, दिलीप कुमार सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## चांदी 83 हजार के पार; सोने ने भी दिखाए तेवर

नईदिल्ली, 31 जुलाई। सोने चांदी के वायदा भाव कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 69,500 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 83,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट आज 278 रुपये की तेजी के साथ 69,456 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 317 रुपये की तेजी के साथ 69,495 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 69,507 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 69,426 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 74,471 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 231 रुपये की तेजी के साथ 82,890 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 701 रुपये की तेजी के साथ 83,360 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## पीटीआई के सदस्य रऊफ हसन समेत 9 लोग 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

इस्लामाबाद, एएनआई। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को बड़ा झटका लगा है। इस्लामाबाद की एक अदालत ने मंगलवार को पीटीआई के सदस्य रऊफ हसन समेत 9 अन्य सदस्यों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्यवाही राज्य विरोधी प्रचार मामले को लेकर की गई है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने हसन की रिमांड पूरी होने के बाद उसे अदालत के समक्ष पेश किया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, एफआईए और इस्लामाबाद पुलिस ने पिछले सप्ताह दोनों इकाइयों द्वारा की गई छापेमारी के दौरान हसन को गिरफ्तार किया था। हसन को पीटीआई के कथित 'राज्य विरोधी डिजिटल अभियान' के लिए गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, आंतरिक मंत्रालय ने कहा था कि पार्टी राज्य विरोधी प्रचार फैला रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति (जेआईसी) ने दुर्भावनापूर्ण सोशल मीडिया अभियान की जांच की। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उन्हें एक तकनीकी रिपोर्ट मिली है जिससे पता चला है कि संदिग्ध एक-दूसरे के संपर्क में थे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के वकील ने रऊफ हसन की मेडिकल जांच का अनुरोध किया और कहा कि वह ठीक नहीं है।

## शेयर बाजार में आई उछाल

नई दिल्ली। बीएसई का सेंसेक्स आज 285.95 अंक या 0.35 फीसदी की उछाल के साथ 81,741 पर बंद हुआ है. आज एनएसई का निफ्टी 93.85 अंक या 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ 24,951.15 पर क्लोज हुआ है. स्टॉक मार्केट ट्रेड में बीएसई सेंसेक्स ने 81,828.04 का डे हाई लेवल छू लिया और निफ्टी ने 24,984.60 का डे हाई या उच्च स्तर बनाया था.बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.52 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है जो अमेरिकी डॉलर में 5.52 ट्रिलियन डॉलर पर है. बीएसई पर कुल 4036 शेयरों में क्लोजिंग के समय ट्रेड बंद हुआ जिसमें से 2119 शेयरों में बढ़त रही. 1834 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई और 83 शेयर बिना किसी बदलाव के साथ बंद हुए हैं.

## भारी बारिश से दिल्ली-एनसीआर बेहाल

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में बुधवार को जमकर बारिश हुई. दिल्ली और नोएडा के कई हिस्सों में बारिश से जलजमाव देखने को मिल रहे हैं. कई जगहों पर ट्रैफिक जाम से भी लोगों को परेशानी हो रही है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक पहले ही भारी बारिश का अनुमान लगाया है. मौसम विभाग की तरफ से अगले कुछ घंटे में भी बारिश की बात कही गयी है. दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में कई जगहों पर सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं. दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशन के बाहर भी जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दिल्ली के कई पॉश इलाकों में भी बारिश के कारण जलजमाव देखने को मिल रहा है. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए एक और पोस्ट में कहा कि आश्रम चौक अंडरपास में भारी जलजमाव के कारण अपोलो अस्पताल से नीला गुंबद की ओर जाने वाले कैरिजवे में मथुरा रोड पर यातायात प्रभावित है. पुलिस ने यात्रियों को इस क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है. तेज बारिश के बाद दिल्ली दरिया में तब्दील हो गई है. जगह-जगह जलभराव से ट्रैफिक जाम हो गया है. द्धअह से लक्ष्मी नगर तक लंबा जाम लगा हुआ है. कनॉट प्लेस और मंडी हाउस में जलजमाव के बाद सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई हैं.

# पीवी सिंधु के बाद लक्ष्य का भी शानदार प्रदर्शन, विश्व नंबर 3 खिलाड़ी को हराकर सीधे प्री-क्वार्टर फाइनल में ली एंट्री






नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में 5वें दिन की शुरुआत भारत के लिए काफी अच्छी रही जिसमें स्टार टेनिस खिलाड़ी पीवी सिंधु ने अपने दूसरे ग्रुप मुकाबले में एस्टोनिया की क्रिस्टा कुउबा को सीधे 2 सेटों में मात देने के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

सिंधु का अब तक पेरिस ओलंपिक में दोनों ही मैचों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने एकतरफा तरीके से मैच को को अपने नाम किया है। इस मुकाबले को भी सिंधु ने लगभग 34 मिनट के अंदर ही खत्म कर दिया। वहीं लक्ष्य सेन ने भी पुरुष बैडमिंटन सिंगल के ग्रुप स्टेज मैच में इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी को सीधे 2 सेटों में मात देने के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

### क्रिस्टा कुउबा को नहीं दिया दोनों सेटों में वापसी का कोई मौका

पीवी सिंधु ने एस्टोनिया की खिलाड़ी क्रिस्टा कुउबा के खिलाफ ग्रुप स्टेज के इस मुकाबले के पहले सेट को 21-5 के अंतर से अपने नाम किया। इस मैच में पीवी सिंधु ने दूसरे सेट को 21-10 से अपने नाम करने के साथ मुकाबले को सीधे लगातार 2 सेटों में जीतने के साथ इस मुकाबले को अपने नाम किया और प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया। इससे पहले सिंधु ने ग्रुप-एम में अपने पहले मुकाबले में मालदीव की फातिमा नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था। इस मैच को भी सिंधु ने 21-9 और 21-11 से अपने नाम किया था।

### लक्ष्य सेन ने भी दर्ज की शानदार जीत

भारत के पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में मेंस सिंगल राउंड में अपने ग्रुप मैच में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के बेहतरीन खिलाड़ी जोनाटन क्रिस्टी को लगातार 2 सेटों में मात देने के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

लक्ष्य जो पहले सेट की शुरुआत में थोड़ा पीछे चल रहे थे उन्होंने बाद में वापसी करने के साथ उसे 21-18 से उसे अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में लक्ष्य ने जोनाटन को बिल्कुल भी वापसी का कोई मौका नहीं देते हुए उसे 21-12 से अपने नाम किया और प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया।

# हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या



तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल से हमास नेता इस्माइल हनिया की हत्या का बदला लेने का संकल्प लिया है।खामेनेई ने कहा कि ईरान की राजधानी तेहरान में तड़के हुए हवाई हमले में इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद इजराइल ने अपने लिए कठोर सजा खुद तैयार कर ली है।

**ईरान के इस बड़े नेता ने इजराइल से बदला लेने की खाई कसम**

उन्होंने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा, च्च्उसका बदला लेना हमारा कर्तव्य है। हानिया हमारी सरजमीं पर एक प्रिय मेहमान थे। इतना ही नहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में हमास नेता हानिया की हत्या की कड़ी निंदा की है। पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनका देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा और (हानिया की मौत के लिए) जिम्मेदार लोगों को ऐसा जवाब देगा कि उन्हें अपनी करतूत पर पछतावा होगा। हमास ने हानिया की हत्या के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है। इजराइल ने मामले में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ईरान के अर्धसैनिक बल च्रिवोल्यूशनरी गार्डज् ने कहा कि वह हानिया की हत्या की जांच कर रहा है। उसने यह नहीं बताया कि हत्या कैसे हुई और हानिया को किसने मारा। फिलहाल, किसी ने भी हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इसका शक इजराइल पर है। वेस्ट बैंक में फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हानिया की हत्या को निंदनीय बताते हुए इसे कायरतापूर्ण कृत्य और खतरनाक घटनाक्रम बताया।

# 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी, इंडिया रेटिंग्स ने बदला अपना अनुमान

नईदिल्ली। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने उपभोग मांग में सुधार की उम्मीद के बीच चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7.1 प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 7.5 प्रतिशत कर दिया।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय, कॉरपोरेट/बैंकों के ऋृणमुक्त बहीखाते और निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय चक्र की शुरुआत से जारी वृद्धि की गति को केंद्र सरकार के बजट से समर्थन मिला है। बजट में कृषि/ग्रामीण व्यय को बढ़ावा देने, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम को ऋृण वितरण में सुधार करने और अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने का वादा किया गया है।

रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद का वृद्धि अनुमान संशोधित कर 7.5 प्रतिशत कर दिया और कहा, इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का मानना है कि इन उपायों से उपभोग मांग को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का वृद्धि अनुमान आरबीआई के अनुमान से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि लगाया था। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में इसके 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

# जो रुट ने केन विलियमसन को पछाड़ा, टॉप 10 में भारत 3 बल्लेबाज




नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कीवी कप्तान केन विलियमसन को पछाड़ते हुए टेस्ट बल्लेबाजी रैकिंग में पहला स्थान अपने नाम कर लिया है.

लेटेस्ट टेस्ट रैकिंग में जो रूट जहां 872 रेटिंग अंक के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं. वहीं दूसरे स्थान पर अब केन विलियमसन खिसक आए हैं. उनके नाम 859 अंक हैं. टॉप में एक भी भारतीय खिलाड़ी का नाम नहीं है. लेकिन टॉप 10 में ब्लू टीम के 3 खिलाड़ी काबिज हैं. ये कोई और नहीं बल्कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली हैं. आईसीसी की तरफ से जारी किए गए लेटेस्ट रैकिंग में कैप्टन रोहित शर्मा 751 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं।

वहीं यशस्वी जायसवाल 740 रेटिंग अकों के साथ 8वें जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली 737 रेटिंग अकों के साथ 10वें पायदान पर काबिज हैं. टेस्ट क्रिकेट में 9वीं बार नंबर 1 टेस्ट बैटर बने जो रूट यह पहली बार नहीं है जब जो रूट टेस्ट क्रिकेट में नंबर 1 टेस्ट बैटर बने हैं. इससे पहले वह 8 बार या पद पर काबिज हो चुके हैं. पहली बार उन्होंने साल 2015 में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी.

# श्रीलंका के खिलाफ रिंकू सिंह बने फील्डर ऑफ द सीरीज



पल्लेकेल। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया। भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में यह टीम इंडिया की पहली सीरीज जीत है। टीम ने इस दौरान कई प्रयोग किए जिसमें कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा, खास तौर पर रिंकू सिंह ने खूब सुर्खियां बटोरी।

टी20 सीरीज में श्रीलंका पर 3-0 की शानदार जीत का जश्न मनाया, जिसमें कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें रिंकू सिंह एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे, जिन्होंने फील्डिंग में अपने असाधारण प्रयासों के लिए फील्डर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता। सीरीज के रोमांचक अंतिम मैच के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पुरस्कार की घोषणा की गई।

बीसीसीआई ने एक्स पर इसका एक वीडियो शेयर किया, जिसमें टीम में खुशी का माहौल साफ नजर आ रहा है। फील्डिंग कोच टी दिलीप ने रवि बिश्नोई, रियान पराग और रिंकू सिंह को फील्डर ऑफ द सीरीज के लिए नॉमिनेट किया। जिसके बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे ने अंत में रिंकू को उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया।

# पेरिस ओलंपिक 2024: पीवी सिंधु की धमाकेदार जीत, राउंड ऑफ-16 के लिए किया क्वालीफाई



पेरिस। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के पदक की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिंधु ने बैडमिंटन के महिला एकल का अपना दूसरा ग्रुप मुकाबला भी जीत लिया है।उन्होंने एस्टोनिया के क्रिस्टिन कुउबा को 21-5 और 21-10 से हरा दिया।इस जीत के साथ सिंधु ने राउंड ऑफ-16 में अपनी जगह बना ली है।बता दें कि सिंधु लगातार तीसरा पदक जीतने की ओर अग्रसर हैं। सिंधु ने मुकाबले में आसान जीत दर्ज की, पहले गेम में उन्होंने लगातार 8 प्वाइंट अपने नाम किए। ब्रेक तक स्कोर 11-2 था। इसके बाद उन्होंने बड़ी आसानी से गेम 21-5 से अपने नाम कर लिया।दूसरे मुकाबले में कुउबा ने थोड़ा अच्छा खेल दिखाया। हालांकि, इसके बाद सिंधु ने जोरदार वापसी की और ब्रेक तक स्कोर 11-6 कर दिया। ब्रेक के बाद कुउबा को कोई मौका ही नहीं मिला।दूसरा मुकाबला सिंधु ने 21-10 से अपने नाम किया।

पहले मुकाबले में सिंधु ने कमाल का प्रदर्शन किया था। दुनिया की 111वें नंबर की खिलाड़ी के पास उनका कोई जवाब नहीं था।पहला गेम सिंधु ने फातिमाथ नाबाह के खिलाफ सिर्फ 13 मिनट में जीता था। दूसरे गेम में 4-0 की बढ़त बनाई, लेकिन फातिमाथ ने वापसी करते हुए स्कोर 3-4 कर दिया था।भारतीय खिलाड़ी इसके बाद लगातार 6 अंक के साथ 10-3 से आगे हो गईं थी।उन्होंने मुकाबला 21-9 और 21-6 से अपने नाम किया था। 2016 में खेले गए रियो ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन स्टार सिंधु ने पहली बार हिस्सा लिया था। अपने पहले संस्करण में ही उन्होंने रजत पदक हासिल किया था।वह स्वर्ण पदक के मुकाबले में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थी। साल 2020 में उन्होंने टोक्यों ओलंपिक में कांस्य पदक अपने नाम किया था।अगर उनका प्रदर्शन ऐसा ही कमाल का रहा तो वह 3 व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बन सकती हैं।

# क्या देश में रहेगा एक इनकम टैक्स रिजीम!

नई दिल्ली। भारत में फिलहाल दो इनकम टैक्स रिजीम है. लेकिन वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा है कि देश में केवल एक इनकम टैक्स रिजीम ही होना चाहिए. उन्होंने बताया कि एसेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए जो टैक्सपेयर्स आयकर रिटर्न फाइल कर रहे हैं उनमें से 70 फीसदी ने नए इनकम टैक्स रिजीम के तहत आयकर रिटर्न दाखिल किया है.

बिजनेस चैंबर पीएचडी हाउस ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में पोस्ट बजट सेशन को संबोधित करते हुए संजय मल्होत्रा ने कहा, मौजूदा समय में देश में ओल्ड इनकम टैक्स रिजीम और न्यू इनकम टैक्स रिजीम है. लेकिन देश में केवल एक इनकम टैक्स रिजीम ही होना चाहिए. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को बजट पेश करते हुए इनकम टैक्स एक्ट 1961 के रिव्यू का एलान किया है जिसे छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा. रेवेन्यू सेक्रेटरी ने कहा, इनकम टैक्स एक्ट का रिव्यू बहुत बड़ा कार्य है क्योंकि ये एक्ट 1600 पन्नों का है. इस एक्ट को रिव्यू करना बड़ी चुनौती है.

कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी के फैसले का बचाव करते हुए संजय मल्होत्रा ने कहा, हम लोगों ने 2022-23 में 10.5 लाख रिटर्न का स्टडी किया जिसमें जमीन और बिल्डिंग से कैपिटल गेन हासिल हुआ था. उन्होंने कहा कि, 2022-23 में रियल एस्टेट पर इफेक्टिव लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स रेट 11.54 फीसदी था जो कि सैलेरी पर लगने वाले इनकम टैक्स से कम है. ऐसे में रियल एस्टेट के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में मामूली इजाफा किया गया है. वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में प्रॉपर्टी बेचने पर लॉन्ग टर्म टैपिटल गेन टैक्स को कैलकुलेट करने के लिए इंडेक्सेशन बेनेफिट को खत्म कर दिया गया है. पर प्रॉपर्टी बेचने पर लगने वाले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 20 फीसदी से घटाकर इक्विटी के समान 12.50 फीसदी कर दिया गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि प्रॉपर्टी बेचने पर टैक्स का बोझ बेचने वालों पर बढ़ सकता है. सरकार का तर्क है कि वो रियल एस्टेट और दूसरे एसेट क्लास में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में फर्क को खत्म करना चाहती है लेकिन सड़क से संसद और सोशल मीडिया पर यूजर्स सरकार पर इस फैसले को लेकर नाराजगी जता रहे हैं.

# प्रथम पेज का शेष

***बेरोजगारी घटी, महंगाई नियंत्रित...***

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि खेती किसानी पर सरकार का विशेष ध्यान है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा से गरीब लोगों के बच्चों का भी चिकित्सा क्षेत्र में आने का मौका मिला है। अग्निवीर योजना को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि यह सेना को युवा बनायें रखने तथा नागरिकों को देश की रक्षा के लिए तैयार करने का तरीका है।

***वायनाड में भूस्खलन के बाद सेना...***

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि वायनाड में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी एजेंसियां शामिल हो गई हैं। राज्य के मंत्री बचाव कार्यों का समन्वय करेंगे। पीएम मोदी ने दिया सहायता का आश्वासन- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बातचीत की। पीएम मोदी ने केरल की एलडीएफ सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी पार्टी कार्यकर्ताओं को बचाव कार्य में मदद करने का निर्देश दिया। पीएम मोदी ने केरल में बीजेपी के इकलौते सांसद सुरेश गोपी से भी इस बारे में बात की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुख- पीमए मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, %वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और प्रार्थनाएं उन घायलों के साथ हैं। बचाव कार्य चल रहा है। मैंने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और मौजूदा स्थिति में केंद्र से हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों को 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया गया है। साथ ही। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। राहुल गांधी ने पोस्ट में संवेदनाएं जताई - कांग्रेस नेता और पूर्व वायनाड सांसद राहुल गांधी ने ङ्ग पोस्ट में लिखा- मैं वायनाड में आई इस आपदा पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं और अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। मुझे उम्मीद है कि जो लोग अभी भी फंसे हुए हैं, उन्हें जल्द ही सुरक्षित निकाला जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर से बात की है, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि बचाव कार्य जारी हैं। उन्होंने सभी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने, एक कंट्रोल रूम सेटअप करने और राहत कार्यों के लिए किसी भी सहायता की जानकारी देने का अनुरोध किया है।

***पूजा खेडकर को यूपीएससी ने दिया बड़ा...***

मामला दर्ज किया था। आपको बता दें कि पूजा खेडकर का तबादला पुणे से वाशिम कर दिया गया था। उन्हें अतिरिक्त सहायक कलेक्टर के रूप में नियुक्ति मिली थी। इसके बाद जिलाधिकारी सुहास दिवसे ने वरिष्ठ अधिकारियों को खेडकर के आचरण के बारे में जानकारी दी थी। पूजा खेडकर पर आरोप लगाया गया कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के रूप में उन सुविधाओं की मांग की, जिनकी वे हकदार नहीं थीं। इसके अलावा उन पर एक वरिष्ठ अधिकारी के चैंबर पर कब्जा करने का भी आरोप है। खेडकर पर अपने पद का बेजां दुरुपयोग करने का भी आरोप है। बताया गया है कि पूजा खेडकर ने अपनी निजी ऑडी कार में लाल बत्ती और 'महाराष्ट्र सरकार' के प्लेट लगवाई। इस निजी कार में पूजा खेडकर वाशिम की सड़कों पर घूमती नजर आई।

***बीएड डिग्री धारकों को बड़ा झटका...***

हाईकोर्ट ने दिया था 6 हफ्तों में बाहर निकालने के दिए थे निर्देश - इस मामले को लेकर डिप्लोमाधारियों का कहना है कि, सहायक शिक्षक पद पर केवल डिप्लोमाधारियों का अधिकार है। इसमें बीएड वाले अवैध रूप से नौकरी कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 2 अप्रैल को 6 सप्ताह के भीतर बीएड डिग्रीधारकों को साहसिक शिक्षक के पद से बाहर करने का निर्देश दिया था। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल के आदेश का राज्य सरकार को परिपालन करने का निर्देश दिया है। जिसका अब तक राज्य सरकार ने पालन नहीं किया है।

***रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल***

अधीनस्थ विधान समिति सदस्य, सदन की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति पर समिति सदस्य रहे। उसके बाद वर्ष 2014 में वे 16वीं लोकसभा के लिए दुबारा सांसद निर्वाचित हुए। दूसरे कार्यकाल में वे डेका लोकसभा में अध्यक्षों के पैनल के सदस्य भी रहे। इस दौरान सदस्य अनुमान समिति, सदस्य सलाहकार समिति, सदस्य विदेश मंत्रालय और प्रवासी भारतीय मामले, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य, भारत-चीन संसदीय मैत्री समूह सदस्य, चाय बोर्ड के सदस्य का दायित्व निर्वहन किया। दूसरे कार्यकाल में ही सदस्य गृह मामलों की स्थायी समिति, सदस्य सामान्य प्रयोजन समिति, सदस्य उप समिति द्वितीय अनुमान समिति, सदस्य विदेश मामलों की स्थायी समिति रहे और 2021 से अभी तक नवाचार रूपान्तरण आयोग असम के उपाध्यक्ष रहे। श्री डेका ने 31 जुलाई को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद की शपथ ली।

# स्वप्निल पर होगी पदक दिलाने की जिम्मेदारी, हॉकी टीम का सामना बेल्जियम से होगा



पेरिस। भारतीय दल के लिए पेरिस ओलंपिक खेलों का पांचवां दिन अच्छा रहा। बुधवार को भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए हैं। गुरुवार को उनसे भारत को तीसरा पदक दिलाने की आस रहेगी। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सामना पूल बी में बेल्जियम से होगा। मुक्केबाजी में निकहत जरीन महिला 50 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगी।

### गोल्फ स्पर्धा का होगा आगाज

पेरिस ओलंपिक में गोल्फ स्पर्धा की शुरुआत गुरुवार से होगी। पुरुष व्यक्तिगत स्ट्रोल प्ले राउंड-1 में गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा भारत की ओर से चुनौती पेश करने उतरेंगे। वहीं, तीरंदाजी में पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में प्रवीण जाधव चीन के काओ वेनचाओ के खिलाफ उतरेंगे। वहीं, एथलेटिक्स की स्पर्धाओं की भी शुरुआत छठे दिन से होने जा रही है जिसमें पुरुष 20 मीटर पैदल चाल में तीन भारतीय उतरेंगे, जबकि महिलाओं के 20 मीटर पैदल चाल में प्रियंका चुनौती पेश करेंगी।

**पेरिस ओलंपिक के छठे दिन भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है...**

**एथलेटिक्स-** - पुरुष 20 मीटर पैदल चाल- परमजीत सिंह बिष्ट, आकाशदीप सिंह, विकास सिंह (सुबह 11.00 बजे से)

- महिला 20 मीटर पैदल चाल- प्रियंका (दोपहर 12.50 बजे से)

गोल्फ- पुरुष व्यक्तिगत स्ट्रोक प्ले राउंड-1- गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा (दोपहर 12.30 बजे से)

**निशानेबाजी** - पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल- स्वप्निल कुसाले (दोपहर 1.00 बजे से) - महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन क्वालिफिकेशन)- सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल (दोपहर 3.30 बजे से)

**हॉकी** - भारत बनाम बेल्जियम ग्रुप चरण मैच- (दोपहर 1.30 बजे से)

**मुक्केबाजी**- महिला 50 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल- निकहत जरीन बनाम यू वू (चीन) (दोपहर 2.30 बजे से)

**तीरंदाजी** - पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन)- प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) (दोपहर 2.31 बजे से)

**नौकायन-** पुरुष डिंगी रेस एक- विष्णु सरवनन (दोपहर 3.45 बजे से)

- पुरुष डिंगी रेस 2- विष्णु सरवनन- रेस 1 के बाद
- महिला डिंगी रेस एक- नेथ्रा कुमानन (शाम 7.05 बजे से)
- महिला डिंगी रेस दो- नेथ्रा कुमानन- रेस 1 के बाद

# बच्चों को चॉकलेट बांटने वाले डॉ. मुकेश साहू ने लाये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई केश

**राजनांदगांव (दावा)। जिले के स्वास्थ्य विभाग में नेत्र सहायक अधिकारी के रूप में गैंदाटोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मुकेश कुमार साहू अपनी सेवा भावना के लिए दूर-दूर तक चर्चा में है। वे स्कूलों में बच्चों के नेत्र जांच करते हुए उन्हें निशुल्क चॉकलेट भी बाटते हैं। अपने खर्चे से भी दृष्टिबाधितों की सेवा करते हैं। हाल ही में उन्होंने करीब 80 से ज्यादा प्रकरण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर गए हैं।**

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-गैंदाटोला (छुरिया) से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 13 केश को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेण्ड्री राजनांदगांव में एडमिट किया गया। अभी तक इस महीने में टोटल 40 लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका हैं। लगातार इस महीने भारी बारिश में भी 18 कैंप मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला द्वारा लगाया गया। जिसमें ग्राम शालहेटोला, दीवानटोला, कल्लूटोला, घुपशाल, धरमुटोला, कुमर्राछुरिया, सीताकशा, गैंदाटोला, चिरचारीकाला, बेलरगोंदी, दैहान, गर्रापार, केशाल, फाफामार आदि शामिल हैं। 66 मोतियाबिंद ऑपरेशन, 11 आंख का जाला का ऑपरेशन अभी तक 3 महीने में हुआ हैं। इस महीने 300 मरीज ओपीडी और कैंप में देखा गया है। जिसमें 53 लोगों को प्रेस बायोपिक निःशुल्क का चश्मा वितरण किया गया है। नेत्ररोग के साथ, चश्मा जांच, सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, मौसमी बीमारी, उल्टी दस्त, बीपी, चोट, मोच, चर्म रोग, दाद खाज खुजली, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, एनसी, पीएन को भी निःशुल्क शिविर के माध्यम से सेवा दी गयी हैं। जिले के साथ मुकेश साहू अन्य जिले में भी सेवा दे रहे हैं। रविवार छुट्टी के दिन वह अन्य जिलों में निशुल्क शिविर करते हैं। जिसमें अभी तक दुर्ग जिला, बालोद जिला, खैरागढ़ जिला,कवर्धा जिला में निशुल्क शिविर लगा चुके हैं। सामाजिक संगठन, समाज सेवक संगठन, धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में निःशुल्क शिविर के माध्यम से सेवा देते हैं। शिक्षा विभाग में शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 800 बच्चों का निःशुल्क जांच कर चुके हैं। जिसमें से 20 बच्चों को शासन द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण भी किया जाएगा। 2500 बच्चों का नेत्र जांच और चश्मा जांच करना है। जिसमें 21 मिडिल स्कूल शामिल है। जिसमें 8 स्कूलो में जांच हो चुका है। शास. पूर्व माध्य. शाला -केशाल, गार्रापार, दैहान, खोराटोला, मुंजालपाथरी, मुंजालकला, चिरचारीकला, जोशीलमती।



स्वयं के खर्चे से भी कर रहे दृष्टिबाधितों की सेवा

# सड़क दुर्घटना में पशु चिकित्सक डॉक्टर इंदुलकर हुए घायल

**गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई पशु चिकित्सा केंद्र में लंबे समय से पदस्थ पशु चिकित्सक डॉक्टर संदीप इंदुलकर उम्र 50 वर्ष का कल मंगलवार 30 जुलाई को शाम लगभग 5 बजे के आसपास अपने मोटर सायकल से वनांचल क्षेत्र फील्ड में गए थे तभी काम निपटाकर वापसी अपने ऑफिस आ रहे थे तभी अज्ञात वाहन सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इंदुल्कर घायल हो गए।**



वही घटना के समय मोटर सायकल चालक मौके से फरार हो गए घटना की सूचना डॉक्टर स्वयं अपने सेल फोन के माध्यम से मगरकुंड के पूर्व सरपंच दिलीप नागवंशी को दिया, तभी गांव के ही मेवाराम मेरावी अपने मोटर सायकल में डॉक्टर को लेकर गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाम 5:45 बजे पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने तत्काल उपचार किया सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सोनी ने बताया की घटना में डॉक्टर इंदुलकर के चेहरे पर ज्यादा चोट लगा है, इसके अलावा हाथ पैर में भी चोट लगा है, घायल पशु चिकित्सक फिरहाल खतरे से बाहर बताया।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले व सामान छुपाने में सहयोग करने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव(दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के घर में घुसकर कर चोरी करने वाले तथा चोरी का सामान छुपाने में सहयोग करने वाले 2 आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी ने कम्प्यूटर, होम थियेटर एवं प्रार्थी के पुत्री के संपूर्ण शिक्षा प्रमाण पत्र व घर की पुरानी इस्तेमाली कपड़ों की चोरी की थी। चोरी की गई सामग्री को आरोपियों से जप्त कर लिया गया है।**

लालबाग थाना प्रभारी नवरतन प्रसाद कश्यप ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत दिनांक 5 जुलाई की रात्रि 12 बजे से 12.30 बजे के बीच एक अज्ञात व्यक्ति घर के नीचे सीढ़ी से उपर चढ़ रहा था जो चिल्लाने पर भाग गया। अपने परिजनों के साथ उपर कमरा में जाकर देखा तो कमरा में रखा कम्प्यूटर सेट पुराना इस्तेमाली एवं इसकी लडकी की अंक सूची कक्षा एक से लेकर कॉलेज तक एवं बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड, पुराना कपडा तथा नगदी रकम 1000 रू. जुमला कीमती 11000 रू. को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाने में अपराध क्रमांक 286/2024 धारा 331 (4), 305 (ए), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।



मुख्य आरोपी पहले ही जा चुका है सलाखों के पीछे

### चोरी के सामान जब्त

पुलिस ने इस दौरान 29 जुलाई. को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर संदेही ओमकार ठाकुर उर्फ भूरू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। इस पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार कर चोरी के सामान को छुपाने में अपने साथी छत्रपाल विश्वकर्मा उर्फ सोनू की मदद लेना बताने पर दोनो संदेहियों के मेमोरेण्डम कथनानुसार मुख्य आरोपी ओमकार उर्फ भूरू के कब्जे से सैमसंग कंपनी का मॉनिटर की बोर्ड, पॉवर केबल, होम थियेटर कनेक्टर एवं प्रार्थी के पुत्री का शिक्षण संबंधी मूल प्रमाण-पत्र तथा सह आरोपी छत्रपाल उर्फ सोनू के कब्जे से कम्प्यूटर सी.पी.यू. यू.पी. एस यू, होम थियेटर, पाँवर अडाप्टर एवं महिला संबंधी पुराने इस्तेमाली कपडो को जप्त कर कब्जा लिया गया।

इसके बाद प्रकरण में धारा 3 (5) बी एन. एस जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी छत्रपाल विश्वकर्मा उर्फ सोनू पिता बृजभान विश्वकर्मा उर्फ तरूण उम्र 23 वर्ष एवं ओमकार ठाकुर उर्फ भुरू पिता आत्माराम ठाकुर उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम रामपुर के विरुध्द धारा सदर का अपराध सबूत पाये जाने पर मंगलवार 29 जुलाई को गिरफ्तार किया जाकर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

# पत्नी ने किया कार में बैठने से इंकार, सनकी पति ने चला दी गाड़ी, बीच सड़क पर घसीटा, विडियो हो रहा वायरल

दुर्ग (दावा)। भिलाई में एक हैरान कर देने वाला मामला समाने आया है। यहां आज एक पति ने अपनी पत्नी को चलती कार से घसीटा और इस दौरान पत्नी का पैर कुचल गया और गंभीर चोट आई। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वहीं पीड़िता के परिजनों ने भिलाई नगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल प्रियंका सिंह की शादी सेक्टर 4 निवासी रजत प्रताप सिंह से साल 2023 के जून महीने में हुई थी। लेकिन शादी के दो महीने बाद से प्रियंका और रजत में पारिवारिक विवाद शुरू हो गया। इस विवाद के चलते प्रियंका 4 महीने से अपने मायेक में रह रही थी। प्रियंका आज अपनी दादी को सेक्टर 9 हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कराकर वापस सेक्टर 5 स्थित निवास पर ला रही थी। इसी दौरान पति रजत सेक्टर 5 चौक के पास पहुंचा और अपनी पत्नी प्रियंका को जबरदस्ती कार में बिठाने की कोशिश करने लगा। प्रियंका की दादी को उसने कार में पहले ही बिठा लिया था। उसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पत्नी प्रियंका गाड़ी में बैठने से मना करने लगी, लेकिन रजत प्रताप सिंह ने अचानक कार चला दी और कार से घसीटा। इस दौरान प्रियंका का पैर कार से कुचल गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक ने पत्नी की 72 वर्षीय दादी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता के परिजनों ने पति के खिलाफ भिलाई नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

# विजय कुमार उजवने को सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

राजनांदगांव (दावा)। जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ चौकीदार विजय कुमार उजवने को आज उनके सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी अधिकारी उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने उनके स्वस्थ, सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में लगभग 20 वर्षों से अपनी अमूल्य सेवाएं दी हैं।



**शाल-श्रीफल देकर किया गया सम्मानित, स्वस्थ, सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई, जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में लगभग 20 वर्षों से दी अपनी अमूल्य सेवाएं**

सेवानिवृत्त होने के बाद वे सपरिवार खुशहाल रहें और आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए अपने पारिवारिक जिम्मेदारी को निभाते रहें। उन्होंने कहा कि पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। उन्होंने स्नेहभाव के साथ सभी को पानी पिलाने का कार्य किया। श्री उजवने ने हमेशा कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों को निभाया है और हमेशा समय पर कार्यालय खोलने के साथ ही अन्य जिम्मेदारी निभाई है। कोविड-19 वैश्विक महामारी संक्रमण के समय एवं विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन दौरान अपना विशेष योगदान दिया है।

उप संचालक जनसंपर्क सुरेन्द्र शुक्ल ने विजय कुमार उजवने के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री उजवने ने हमेशा तत्परता एवं सक्रियता से अपना दायित्व निभाते हुए समय पर कार्यालय खोलने, समाचार पत्रों को व्यवस्थित करने, पानी पिलाने, प्रचार-प्रसार एवं अन्य कार्यालयीन कार्यों एवं जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाया है। चौकीदार विजय कुमार उजवने ने बताया कि वे वर्ष 2004 से जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर समन्वय से कार्य किया है और शासकीय सेवा का यह सफर अच्छा रहा।

उन्होंने बताया कि राज्य परिवहन विभाग से जनसंपर्क में प्रतिनियुक्ति पर आए थे और यहां समाचार पत्रों को व्यवस्थित करना, पेपर कटिंग करना सीखे। कार्यालय में सभी का सहयोग मिला। इस अवसर पर सहायक सूचना अधिकारी प्रवीण रंगारी, सहायक ग्रेड-1 विदेशी लाल परजा, सहायक ग्रेड-3 आनंद सागर चतुर्वेदी, भृत्य भूपेन्द्र साहू सहित जिला समन्वयक सूर्यकांत चंद्राकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर पुरूषोत्तम देवांगन, फोटोग्राफर शिव साहू, वाहन चालक तरूण समरित उपस्थित थे।

# एक गौरवशाली और वैभवशाली भारत के निर्माण का बजट - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री के संकल्प और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को पूरा करने वाली बजट है। एक गौरवशाली और वैभवशाली भारत के निर्माण का बजट है इस बजट में समाज के हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने और गरीब, किसान, महिलाओं के कल्याण वाला बजट देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा पेश किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सबका विकास, सबका विश्वास और सबके लिए प्रयास के साथ आने वाले दिनों में जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे में यह बजट उसके लिए एक प्रारंभिक प्रयास है।

# नवनिर्वाचित डेलिगेट सदस्यों का मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में किया भव्य स्वागत



डोंगरगढ़ (दावा)। कल 29 जुलाई 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी बिलासपुर श्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण जी के मार्गदर्शन में एवं मंडल समन्वयक इंदल दमाहे नेतृत्व में अर्बन बॅंक नागपूर मंडल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के सबसे ज्यादा उम्मीदवार विजयी होने पर नवनिर्वाचित डेलिगेट सदस्यों का मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में भव्य रॅली निकालकर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे द्वारा सभी विजय सदस्यों को पुष्पमाला पहनाकर सभी का स्वागत किया गया।

**मंडल समन्वयक इंदल दमाहे द्वारा सभी सदस्यों को पुष्पमाला पहनाकर दी गई शुभकामनाएं**

नवनिर्वाचित अर्बन बॅंक डेलिगेट में नागपुर से आय ओ डब्ल्यू, ट्रैकमशीन से दुशांत गजभिये, यांत्रिक विभाग से शरद ठाकुर, संतोष कुमार तिवारी, कार्मिक विभाग से ब्रुशाली गोरले, मेडिकल से राजेश साहू, इलेक्ट्रीक विभाग से सतीश नगरकर, कमर्शियल विभाग इतवारी से उमेश टेभंरे,डिजेल शेड मोतीबाग से शंकर प्रसाद,डोंगरगढ़ शाखा सचिव अनिल पोद्दार,सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग से विजय शंकर मीना, इंजीनियरिंग कामठी से बालकदास दुर्गा, रनिंग शाखा से महेंद्र कुमार नंदेश्वर एवं सुधीर सुर्यवंशी, रामकुमार खजुरे गोंदिया, दिपक यादव गोंदिया, संजीव कुमार पांडे नैनपुर, रजनीगंधा नायडू गोंदिया, सपनकुमार नायक, राजनांदगांव अमित कुमार डे, डोंगरगढ़ श्रीनीवास डोरा छिंदवाड़ा,अस्पाक खान सावनेर, मो. जाकिर खान गोंदिया, दिलिप नागपुरे बालाघाट, सुशील कुमार लिल्हारे गोंदिया, व्ही. उमेश गोंदिया, सुरेश भानारकर नागभिड, शिवशंकर दमाहे नागभिड इत्यादि डेलिगेट सदस्यों का स्वागत किया गया।

# रेल टिकट की दलाली/कालाबाजारी करने वाले 4 आरोपियों पर हुई कार्यवाही

डोंगरगढ़(दावा)। दीपचंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त रेगुब व.पु.म.रे. नागपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 29 जुलाई को रेलवे टिकट का अवैध व्यापार करते पाए गए अनेक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल 29 जुलाई को उप निरीक्षक सागर ठाकरे साथ में सउनि आर.एस. बगडेरिया, आरक्षक वी.के. पाठक रेसुब आउट पोस्ट ग्वारीघाट के द्वारा धारा 143 रेल अधिनियम ड्राइव एवं चेकिंग के दौरान वर्धमान मीडिया सेंटर ग्रीन सीटी जिला जबलपुर के संचालक की सहमति से दुकान चेक करने पर 01 नग एजेंट आईडी के अलावा 2 नग पर्सनल यूजर आईडी प्राप्त हुई। कुल 11 नग टिकट जिसमें 01 फ्युचर टिकट प्राप्त हुई बनाये गये टिकट के संबंध में पूछने पर बताया कि वह लिए उक्त पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे ई टिकट बनाकर टिकट मूल्य में अधिक चार्ज कमीशन के तौर पर लेकर बनाता हूं। उसके द्वारा किया गया कृत्य को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत दण्डनीय अपराध होना बताकर उसके द्वारा बनाये गये कल 11 नग ई टिकटों को, जिसकी कुल कीमत 17211.75 रुपये तथा उक्त कृत्य में उपयोग किये सीपीयू, मोबाइल एवं प्रिंटर (अनुमानित कीमत 33000 रु.) कुल जप्त सम्पत्ति कीमत लगभग 50211.75 रु. को मौके पर जप्त किया गया। पश्चात् उक्त व्यक्ति के खिलाफ रेसुब पोस्ट नैनपुर द्वारा रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत् मामला पंजीबद्ध किया गया।

उपनिरीक्षक सोनम रेगुब पोस्ट नैनपुर के द्वारा पोस्ट प्रभारी नैनपुर के नेतृत्व में मंडला में अवैध टिकट दलालों के तहत् मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विरुद्ध आभियान के दौरान वालीपुर चौराहे जिला-मंडला में स्थित थी कंप्यूटर्स दुकान में जाकर कानूनी रूप से पैकिंग करने पर पर्सनल यूजर आई डी ने बनाए गए 13 नग पूर्व यात्रा टिकट पाए जाने पर साइबर मेल/बिलासपुर से समन्वय कर पुष्टि होने पश्चात उक्तम दुकान के संचालक सचिन सिंह ठाकुर वल्द सुरेन्द्र सिंह ठाकुर से पूंछतांछ करने पर उसके द्वारा पर्सनल यूजर आईडी से जरूरमंद लोगों की रेलवे यात्रा ई टिकट बनाना बताया गया। उसके मोबाईल में लॉगिन पर्सनल यूजर आईडी तथा ई मेल आईडी को गवाहों के समक्ष चेक करने पर पूर्व में बनाए गए 13 नग पूर्व तिथि के रेलवे ई टिकट बनाया हुआ पाया गया जिसके संबंध में वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहने पर बताया कि वह विना अधिकार पत्र के अपने दोस्तों व अन्य लोगों को जरूरत पड़ने पर उक्त पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे ई टिकट बनाकर टिकट मूल्य से अधिक चार्ज कमीशन लेकर बनाया था और बनाता हूं। इस संबंध में आईआरसीटीसी द्वारा प्रदत कोई भी विक्रय करने हेतु कोई अधिकार पत्र का नहीं होना बताया। पश्चात् उसके द्वारा किया गया कृत्य को रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 143 के तहत दण्डनीय अपराध होना बताकर उसके द्वारा बनाये गये उक्त 13 नग टिकटों को जो पूर्व तिथि के यात्रा टिकट है जिसकी कुल कीमत 19396 रुपये तथा उक्त कृत्य में उपयोग किये गये एक नग नीला रंग का ओप्पो कपनी का मोबाईल व 1 नग एचपी कंपनी का लैपटाप को उसके कब्जे से मौके से जमकर जप्ती पत्र तैयार कर जप्त किया गया।



इसी प्रकार उप निरीक्षक अखिलेश कुमार रेसुब पोस्ट डोंगरगढ एवं बन सदस्यों के साथ रेलवे आरक्षित ई-टिकट की कालाबाजारी के विरुद्ध चलाये गए अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर डोंगरगांव क्षेत्र में स्थित एक ऑनलाइन कम्प्युटर सेटर में दबिश दी गयी जहां मौजूद दुकान संचालक से पूछताछ में अपना नाम पता पूछताछ बाद नोटिस देकर दुकान में रखे कंप्यूटर/मी.पी.यू. को चेक करने पर उसमें 01 पर्सनल आईडी से 11 नग बोल्ड रेलवे आरक्षित ई-टिकिट की कीमत 43255.90/- रुपये पायी गयी, उक्त ई-टिकटों के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज या कोई लाइसेंस नहीं पाया गया। अतः उक्त मामला रेलवे ई-टिकिटों की कालाबाजारी एवं धारा 143 के तहत दंडनीय होना पाकर उपरोक्त रेलवे ई-टिकटी एवं प्रयुक्त सीपीयू को गवाहों के समक्ष जप्ती किया गया। उक्त जम संपत्ति का कुल मूल्य 68255.90/-रुपये है। उक्त व्यक्ति के बयान के आधार पर टिकिटों के वित्तीय लेनदेन अपने दुकान सहयोगी के बैंक खाते में करता था जिस पर उसके सहयोगी का बयान दर्ज कर दोनो व्यक्तियों के द्वारा आनलाइन टिकट बनाये जाने के संबंध में अपराध स्वीकार करने के उपरांत दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर जमशुदा संपत्ति के साथ रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ लाया गया। जहां विधिवत एवं आवश्यक दस्तावेज कार्यवाही कर उक्त दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध रेसुब डोंगरगढ़ धारा 143 रेल अधिनियम 29जुलाई 2024 के तहत मामला दर्ज कर जाँच में लिया गया। उप निरीक्षक विजय भालेकर रेसुब बाउट पोस्ट कामठी के द्वारा नागपुर मुख्यालय से प्राप्त प्रवल डाटा में वर्णित मोबाईल नंबर पर आईआरसीटीसी व्यक्तिगत आईडी यूजरकर्ता प्रवीण कुमार पिता ईश्वर नागपुर उम्र 38 वर्ष निवासी भाग्यश्री कॉलोनी मौदा रोड रामटेक, टी प्वाइंट हिंगना, पुलिस स्टेशन राणा प्रताप नगर, जिला नागपुर (महा.) से सम्पर्क कर पर्सनल यूजर आईडी से बनाये गये रेलवे ई टिकट की जांच हेतु रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट कामठी में जिस सिस्टम में रेलवे टिकट बनाए थे वह सिस्टम लेकर बुलाने पर वह एक नाग सीपीयू लेकर चौकी में आकर बताएं कि, उक्त व्यक्तिगत उक्त पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर रेलवे ई टिकट बनाता हूं। पर्सनल यूजर आईडी तथा ई मेल आईडी को गवाहों के समक्ष चेक करने पर पूर्व में बनाए गए अन्य व्यक्तियों के लिए बनाए गये 03 नग लाइम रेलवे ई टिकट 1 नग कैंसिल ई टिकट, 09 नग पुरानी रेलवे ई टिकट बनाया हुआ पाया गया। बनाये गये टिकट के संबंध में पूछने पर बताया कि वह बिना अधिकार पत्र के उक्त पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे ई टिकट बनाकर टिकट मूल्य से अधिक चार्ज लेकर बनाता हूं। पचात् उसके द्वारा किया गया कुल्य को रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 143 के तहत दण्डनीय अपराध होना बताकर उसके द्वारा बनाये गये कल 13 नगई टिकटों को, जिसकी कुल कीमत 29893.08 रुपये तथा उक्त कृत्य में उपयोग किये सीपीयू (अनुमानित कीमत 5000रु.) कुल जप्त सम्पत्ति कीमत लगभग 34893.08/- रुप्ये को उसके करूने से मौके पर जप्ती पत्र तैयार कर जप्त किया गया। पश्चात् उक्त व्यक्ति के खिलाफ रेसुब पोस्ट इतवारी रेलवे अधिनियम कि धारा 143 के तहत् मामला पंजीबध्द कर जांच में लिया गया।

रेलवे सुरक्षा बन/वपूमरे/ नागपुर मंडल यात्रियो में अपील करता है कि रेल यात्रा हेतु टिकट रेलवे काउंटर अथवा अधिकृत एजेंट से ही खरीदे एवं अनाधिकृत टिकटों के व्यापार करने वाले दलालों से टिकट खरीदकर यात्रा करने से एवं यात्रा के दौरान होने वाली परेशानीयों से बचे तथा इस तरह के रेलवे टिकटों के अवैध व्यापार करने वालों के विरुदध रेमुब का सहयोग करें व ऐसी कोई गतिविधी की जानकारी मिलने पर नजदीकी रेसुब पोस्ट में मुचना देकर कार्यवाही में मदद करें।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com